तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026




शुक्रवार की शाम कंपनी गार्डन में झूले का आनंद लेते बच्चे।



## खबर संक्षेप

### गायत्री शक्तिपीठ का स्वास्थ्य शिविर 26 को

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेवाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 26 जुलाई रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक हरदेवलाल मां भगवती मंदिर प्रांगण गोल बाजार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द्र प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. एसबी सिंह, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगी।

### जल जीवन मिशन की बैठक 29 को

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 29 जुलाई को सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक होगी। बैठक में जल जीवन मिशन से जुड़े सभी कार्यकारी एजेंसियों एवं ठेकेदारों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। पीएचई विभाग के ईई रूपेश धनंजय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार बैठक में मिशन के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी। इसमें सीआईआरपी के तहत निर्धारित समय-सीमा में कार्यों की प्रगति, पूर्ण हो चुकी 219 योजनाओं के भुगतान की स्थिति एवं लंबित प्रकरण, विद्युत, जल स्त्रोत एवं हर घर जल योजनाओं के हस्तांतरण से संबंधित विषयों के साथ तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं के निराकरण पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी।

### स्वास्थ्य मिशन के संविदा पदों की पात्रता सूची जारी

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों द्वितीय एनएनएम, स्टॉफ नर्स एसएनसीयू एवं एनआरसी, काउंसलर, नर्सिंग ऑफिसर-एनयूएचएम एवं हाउस कीपिंग स्टॉफ की पात्रता सूची जा कर दी गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 29 जुलाई तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बिलासपुर छग के नाम से कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से दावा आपत्ति आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। सूची एवं दावा आपत्ति का प्रारूप जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी कोच

**बिलासपुर।** शालीमार से एलटीटी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा देने का आदेश दिया है। यात्रियों की भीड़ और उन्हें कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेलवे बिलासपुर के तीनों डिवीजन से गुजरने वाली 18030/18029 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच एसी थ्री की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 25 से 31 जुलाई तक और 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक यात्रियों के लिए दी जाएगी।

# विद्युत मंडलः फर्जी कागजों के सहारे ठेकेदार को 93 लाख का भुगतान

**जांच रिपोर्ट में खुलासा, 8 महीने बाद भी कार्रवाई नहीं**

सिर्टी सर्किल के अधिकारियों ने किया कारनामा, विद्युत कंपनी को हुआ भारी नुकसान, पीएफ भी में घालमेल हो चुका है साबित।

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

विद्युत मंडल में फर्जी अटेंडेंस शीट की मदद से फ्यूज कॉल आपरेटर और सुधार श्रमिकों के वेतन में गड़बड़ी की पूरी हो चुकी है। सिटी सर्किल में 93 लाख रूपए ठेकेदारों को भुगतान कर घोटाला किया गया है, जिसकी अब जांच रिपोर्ट भी आ चुकी है लेकिन अधिकारियों ने किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है, जांच रिपोर्ट 8 माह से कार्यालय में धूल फांक रही है।





समय पर बिजली शिकायतों का निराकरण नहीं होना बिजली उपभोक्ताओं का दर्द बन चुका है, जिसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है, इस समस्या के असली कारण फ्यूज कॉल और मेंटनेंस में लगे ठेकेदार और कर्मचारी हैं। दरअसल पिछले 6 सालों से सिटी सर्किल में सुधार और फ्यूज कॉल का जिम्मा ठेकेदार संभाल रहे हैं। खास बात यह है कि सिटी सर्किल के दोनों डिवीजन में दो ठेकेदारों को ही फ्यूज कॉल और मेंटनेंस की जिम्मेदारी दी जा रही है। ठेकेदार की कंपनियों ने श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर विद्युत कंपनी से 93 लाख रूपए का भुगतान ले लिया है। शिकायत के बाद सिटी सर्किल में हुए फर्जीवाड़े की जांच शुरू हुई, जांच अधिकारी जेएस नेताम व वीआर मोर्या की जाँच कमेटी ने जांच पूरी की, अधिकारियों की टीम ने पूर्व और पश्चिम संभाग में 93 लाख की अनियमितता की रिपोर्ट सौंपी। बताया जा रहा है कि जांच कमेटी ने 24 नंवबर 2025 को कंपनी को रिपोर्ट सौंप कार्रवाई की अनुशंसा की थी, लेकिन अधिकारियों ने अब तक किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

### एई और ईई पर उठ रहे सवाल

खास बात यह है कि ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए जोन के एई और डिवीजन में बैठे तत्कालीन ईई ने फर्जी दस्तावेजों का बिना सत्यापन किए, श्रमिकों के वाउचर पर साइन किया है, जिससे ठेकेदारों से पहले अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गाज गिरने की संभावना है। ऐसे में विद्युत कंपनी के बड़े अफसर अपने अधिकारियों को बचाने के लिए जांच रिपोर्ट को ही दबा चुके है।

#### एक ही श्रमिक से 3 जोन में काम

रिपोर्ट में यह बात सामने आ चुकी है कि ठेकेदारों ने बिल पास कराने के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाया है। एक ही श्रमिक की 2- 3 जोन में ड्यूटी दिखाकर विद्युत कंपनी से भुगतान प्राप्त किया गया है, जबकि यह अनुबंध के खिलाफ है। वहीं दस्तावेजों के अनुसार एक ही कर्मचारी से एक ही दिन में 24 से 36 घंटे तक काम कराया गया है। श्रम कानून और विद्युत विभाग नियमों के खिलाफ ठेकेदारों ने काम कराया है। वहीं कई जोन में आधा स्टाफ रखकर लाखों रूपए ले लिए गए हैं।

#### फाइल मंगाई जाएगी

जांच रिपोर्ट मानव संसाधन विभाग के पास है। जिस अधिकारी ने ठेकेदारों से अनुबंध किया है, उन्हें ही कार्रवाई करनी होती है। अगर हमारे तक प्रतिवेदन भेजा जाएगा तो ब्लैक लिस्ट करने के लिए आला अधिकारियों को भेजेंगे। इस मामले में फाइल मंगाई जाएगी।

**- एके अम्बस्ट,** कार्यपालक निदेशक विद्युत कंपनी

## नेहरू नगर के पास गणेश चौक स्थित सूने मकान को बनाया निशाना

# अफवाह उड़ी 5 करोड़ का माल ले भागे चोर पुलिस ने कहा- सवा दो लाख की चोरी

**पूरा परिवार ऋषिकेश गया था घूमने**



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान।





जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों का माल पार कर दिया है। वारदात को अंजाम देने के लिए अज्ञात चोरों ने एसी के एंट्री पाइंट का सहारा लिया है। घर में सदस्य इस दौरान ऋषिकेश की यात्रा पर हैं, ऐसे में चोरी का सही आंकलन नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार चोरों ने करीब सवा 2 लाख रूपए की चोरी की है, जबकि शहर में अफवाह है कि चोरों ने सूने घर से 3 लाख से अधिक के नगद और करोड़ों रूपए के हीरे जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है।

पुलिस के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नेहरू नगर के गणेश चौक पर रजनेश सेठ का मकान है। परिवार के सदस्य 18 जुलाई से ऋषिकेश गए हुए हैं। इस दौरान दिन में घर पूरी तरह से खाली रहता है और रात में 10 से सुबह 7 बजे तक चौकीदार की ड्यूटी पर रहता है। 23 जुलाई को चौकीदार घर पहुंचा इस दौरान घर के पीछे लगा विंडो एसी निकला हुआ था। इसके बाद चौकीदार ने इसकी जानकारी फोन के माध्यम से प्रार्थी को दी। प्रार्थी ने अपने पुत्र एवं एक परिचित को घर भेजा। विडियो कॉल के माध्यम से प्रार्थी ने बताया कि चोरों ने अलमारी को चाबी से खोलकर चोरी की है। इस दौरान अलमारी में 2.35 लाख नगद, 20 तोला सोने के आभूषण एवं कुछ महंगे स्टोन रखे थे। पुलिस फिलहाल प्रार्थी के आने का इंतजार कर रही है, प्रारंभिक जांच में पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग की सहायता से चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

शहर में अफवाह है कि जिस घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है, वहां 5 करोड़ से अधिक के हीरे और जेवरात मौजूद थे। प्रार्थी रजनेश सेठ की नेहरू नगर में ही भारत अर्थमूवर्स की एजेंसी थी, वहीं उनकी पत्नी हाउसिंग बोर्ड में बतौर सब इंजीनियर कार्यरत हैं।



एसी हटाकर घर के अंदर घुसे थे चोर।

#### मामले की जांच की जा रही है

प्रार्थी का परिवार घूमने के लिए ऋषिकेश गया हुआ है, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दो से ढाई लाख रुपए की चोरी हुई है। मामले की जांच जारी है। प्रार्थी के आने के बाद सही जानकारी मिल सकेगी।

**- निमितेश सिंह,** सीएसपी सिविल लाइन

## विदेश में रहता है परिवार, सूने घर से माल ले उड़े चोर

तारबहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदिरा कालोनी में चोरों ने धावा बोलकर 25 हजार का माल पार कर दिया है। पड़ोसी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पेशे से बिजनेसमैन सौरभ कुमार थवाईत पिता लखन लाल थवाईत इंदिरा कालोनी में रहते है। उन्होंने तारबहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी के घर के सामने आयापिल्ला विनोद राव का घर है। जहां उनकी पत्नी आयापिल्ला राज्यलक्ष्मी अपने बच्चों के साथ रहती थीं। उनका लड़का आयापिल्ला मनीष व लड़की बी मधु यूएसए में रहते हैं और छोटी लड़की बी मानसी कनाडा में रहती हैं। फरवरी में आयापिल्ला विनोद राव के निधन के बाद चाबी सौरभ कुमार के पास है और 15 दिनों में घर की साफ सफाई करते है। शुक्रवार की सुबह सफाई के पहुंचा थे, लेकिन घर के दरवाजा का ताला टूटा मिला लेकिन घर अंदर से बंद था। सौरभ ने पीछे के दरवाजे से जाकर देखा तो घर के अंदर सामान बिखरा मिला और अलमारी का ताला टूटा था। इसकी जानकारी घर के मालिक मनीष को दी गई है। मनीष ने बताया कि आलमारी के लॉकर में चांदी की बिछिया, पायल, पूजा सामाग्री, एसी एवं गीजर का कापर एवं बिजली वायर करीब 25 हजार की चोरी हो चुकी है।





# 1.32 लाख हेक्टेयर में बोनी-रोपाई पूरी बारिश का भरपूर लाभ उठा रहे किसान

### 33 हजार हेक्टेयर रकबे में लगाया जा चुका रोपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाल ही में जिले में हुई बारिश के बाद किसानों ने रोपाई का काम तेज कर दिया है। जिले में 33 हजार हेक्टेयर रकबे में किसानों के द्वारा रोपा लगाया जा चुका है। जिले के कुल क्षेत्राच्छादन की बात की जाए तो 1 लाख 32 हजार हेक्टेयर रकबे में अब तक बोनी व रोपाई पूरी की जा चुकी है।

मानसून की लेटलतीफी को लेकर मायूस व परेशान चल रहे किसानों के चेहरे अब खिले हुए हैं। बीते दिनों जिले में हुई भारी बारिश के बाद खेत लबालब हैं, जिससे दस से पंद्रह दिनों तक बारिश नहीं भी हुई तो भी किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी। जिले में इस साल 1 लाख 72 हजार हेक्टेयर रकबे में खरीफ का धान लिया जाना है। इसके अंतर्गत किसानों ने अब तक 1 लाख 32 हजार हेक्टेयर रकबे में बोनी व रोपाई कर ली है, जिसमें 99 हजार 281 हेक्टेयर में बोनी व 33 हजार हेक्टेयर रकबे में रोपा लगाया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार बोता पद्धति से धान लगाने वाले लगभग सारे किसानों ने अपनी बोनी पूरी कर ली है, जबकि रोपा वाले किसानों को किसानों ने आज की स्थिति में 33 हजार हेक्टेयर में ही रोपाई की है। जिले में रोपा पद्धति से धान रोपने वाले किसानों को कुल 71 हजार 210 हेक्टेयर रकबे में रोपाई करनी है, जिसके अंतर्गत अभी तक 33 हजार हेक्टेयर में रोपाई की जा चुकी है। जबकि 38 हजार हेक्टेयर रकबे में रोपाई का काम शेष है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जिले में रोपा लगाने का काम 15 अगस्त तक चलता रहता है, जिससे ये कहा जा सकता है कि रोपाई को लेकर अभी किसी भी तरह की देरी नहीं हुई है। किसानों के द्वारा शत प्रतिशत रोपाई अपने निर्धारित समय पर कर ली जाएगी।

#### युद्धस्तर पर चल रहा रोपा

जिले में रोपाई का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। अब तक 33 हजार हेक्टेयर रकबे में रोपाई की जा चुकी है। खेतों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था है, जिससे शेष रकबे में भी रोपाई जल्द ही पूरी कर ली जाएगी।

**- पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

### 3 दिन बाद बारिश थमी, लोगों ने ली राहत की सांस

मानसूनी हवाओं का रूख बदलते ही बारिश थम चुकी है। शुक्रवार की सुबह जहां आसमान पर काले घने बादल छाए हुए थे, वहीं दोपहर बाद स्थिति पूरी तरह से बदल गई। धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि मानसूनी द्रोणिका ने अपनी चाल बदल दी है, फिलहाल द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, डाल्टनगंज के आसपास से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बन रही है। वहीं चक्रवाती हवाओं ने भी बादलों का रूख पटल दिया है। जिससे प्रदेश में बारिश की रफ्तार कमजोर पड़ चुकी है। 2-3 जिलों को छोड़कर ज्यादातर जिलों में महज बादल मंडरा रहे है, वहीं बारिश थम गई है। अगले 12 घंटे तक जिले में बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन मानसूनी हवाओं के रूख बदलने पर बारिश फिर से शुरू हो सकती है।

**प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशी वोटर्स से मिलते रहे और अपने वादों के जरिए उन्हें रिझाने की कोशिश करते दिखे**

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव आज, कुल 49 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में मतदान शनिवार 25 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगा। इसमें कुल 2446 वोटर 8 पदों व 14 कार्यकारिणी सदस्य के लिए वोट डालेंगे। इन पदों के लिए कुल 49 प्रत्याशी मैदान में हैं।

इससे पहले शुक्रवार को दिन में हो रही हल्की बारिश के बावजूद जिला कोर्ट परिसर में चुनावी सरगर्मी देखने को मिली। प्रत्याशी वोटर्स से मिलते रहे और अपने वादों के जरिए उन्हें रिझाने की कोशिश करते दिखे। चुनावी जंग में वकीलों के लिए सम्मानजनक बैठक व्यवस्था और पार्किंग के साथ जूनियरों को स्टायफंड, वकीलों के लिए इंश्योरेंस, भूमिहीनों के लिए आवास, महिलाओं के लिए बार रूम जैसे वादों के साथ प्रत्याशी मैदान में नजर आए। इससे पहले गुरुवार को पोस्टल वोट डाले गए। इसमें 25 में से 17 वोटर ने ही अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान कर्मी पोस्टल बैलेट तैयार करते हुए दिखाई दिए।

जिला अधिवक्ता संघ के मतदान के एक दिन पहले काफी गहमागहमी रही। कोर्ट के अलावा प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर तक जाकर वोट मांगते रहे। जूनियर अपने सीनियरों के लिए प्रचार करते दिखे। वहीं कई प्रत्याशी एंट्री गेट पर समर्थन मांग रहे थे। चुनाव के लिए प्रचार का आखिरी दिन होने के कारण सारे उम्मीदवारों ने पूरी ताकत झोंकी। कोई अपने पुराने कार्यकाल को गिनाते दिखे तो कोई पहली बार मौका देने की बात कहता मिला। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद के चार दावेदारों में अनुराग बाजपेयी, चन्द्रशेखर बाजपेयी, संदीप कुमार द्विवेदी और टीआर निराला के बीच मुकाबला है।

■ शनिवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगी वोटिंग, मतदान कर्मी पोस्टल बैलेट तैयार करते हुए दिखाई दिए



#### सचिव पद पर 8 प्रत्याशी

8 पदों व 14 कार्यकारिणी सदस्य के लिए हो रहे चुनाव में सबसे अधिक 8 प्रत्याशी सचिव पद के लिए जोर लगा रहे हैं। इसमें अश्वनी जायसवाल, भरत लोनिया, ज्ञानेश्वर सिंह, हरिनाम सिंह, कमल किशोर सिंह, राकेश कुमार चौबे, विवेक पाण्डेय और एकमात्र महिला प्रत्याशी के रूप में नुपूर पाल शामिल हैं। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए धनजंय सिंह, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, घनश्याम प्रसाद चतुर्थी, गोपीचंद जैसवानी, रमाकांत कौशिक और वितेन्द्र पाठक आमने-सामने हैं।

#### इन पदों के लिए भी चुनाव

निष्ठ महिला उपाध्यक्ष पद के लिए दीपाली मजुमदार और राधा रजक के बीच सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद के लिए गायत्री सुमन, लीना अग्रहरी,संध्या पाण्डेय और श्वेता शास्त्री मैदान में हैं। सहसचिव पद के लिए अखिलेश कुमार दुबे, अंकित शर्मा, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, संतोष सिंह चौहान और शंकर चतुर्वेदानी के बीच टक्कर है। ग्रंथालय सचिव के लिए मनोज सिंह ठाकुर, पंकज जायसवाल व सूर्यकांत शर्मा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष होगा, जबकि क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए देवेन्द्र जायसवाल, राकेश देवांगन और सचिन दिघ्रस्कर के बीच मुकाबला होगा।

#### यह है महत्वपूर्ण मुद्दे

- अध्यक्ष पद के चारों उम्मीदवारों की प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। दो बार के अध्यक्ष रह चुके चंद्रशेखर बाजपेयी अपने पुराने कार्यकाल में किए काम के साथ जूनियर वकीलों को राहत देने के मुद्दे पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार जूनियर वकीलों को स्टायफंड, दूर-दराज से आकर रह रहे अधिवक्ताओं के लिए आवास, मेडिकल इंश्योरेंस, महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाएं उनकी प्राथमिकता में हैं। इसके अलावा जूनियर वकीलों की ट्रेनिंग पर जोर दिया जाएगा।
- अनुराग वाजपेयी ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, जूनियरों व महिलाओं के लिए समूचित बैठक व्यवस्था जैसी घोषाणाओं के साथ मैदान में हैं। संदीप द्विवेदी ने कहा कि वे जूनियर वकीलों से ली जाने वाली फीस को कम कराना, बैठक और पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए काम करेंगे। वहीं टीआर निराला ने वकीलों के हितों की रक्षा पर फोकस की बात कही है।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी के डीन शैलेंद्र कुमार का निधन

**बिलासपुर।** शुक्रवार की रात सीयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण परिषद के प्रो. शैलेन्द्र कुमार को हार्ट अटैक आ गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उन्हें डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सीयू में कुलपति प्रो.चक्रवाल का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर 5 साल बेमिसाल कार्यक्रम था। इस दौरान प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने स्टेज पर गाना भी गाया। उन्हें कुछ बेचैनी महसूस हुई और वे टायलेट चले गए। कुछ देर बाद कर्मचारियों ने उन्हें जमीन पर गिरा पाया। उन्हें तत्काल एलाइड हास्पिटल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। 55 वर्षीय प्रो. शैलेन्द्र कुमार पूर्व में साढ़े 4 साल सीयू के कुलसचिव थे।





उप मुख्यमंत्री
मान. श्री अरूण साव जी
का नगर पालिका परिषद मुंगेली में
नवनियुक्त एल्डरमेन शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में
नगर आगमन पर शत्-शत् अभिनंदन...
कार्यक्रम
एल्डरमेन शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक: 25 जुलाई 2026, समय प्रात: 11.30 बजे
स्थान: सरदार वल्लभ भाई पटेल सभा भवन, मुंगेली
एक शुभचिंतक मुंगेली
संकलन - जयकुमार ताम्रकार, जिला प्रतिनिधि हरिभूमि, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**पहल**

## लायंस क्लब संगम बुजुर्गों के लिए घर पहुंच स्वास्थ्य सेवा लेकर पहुंचेगा द्वार

**बिलासपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी लायंस क्लब संगम डिस्ट्रिक्ट 3233 सी ने ऐसे बुजुर्गों और असहायों लोगो के लिए जिनके बच्चे या तो पढ़ाई के लिए,या नौकरी के लिए उनसे दूर बड़े शहरों या विदेशों में रह रहे होते है। उनके लिए यह एक अनूठी पहल शुरू की है, अपनी स्थाई गतिविधि के तहत लायंस क्लीनिक के रूप में क्लब अब ३घर पहुंच स्वस्थ सेवा३ के तहत पूरे शहर के बुजुर्गों को उनके घर पर ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श उपलब्ध कराएगा। क्लब अध्यक्ष लायन अश्विनी यादव ने बताया कि अकसर देखा जाता है कि उम्रदराज लोग बीमार होने पर भी अस्पताल नहीं जा पाते। इसी समस्या को ध्यान में रखकर हमने यह सेवा शुरू करने का निर्णय लिया। यह सेवा सोमवार से पूरे शहर में शुरू की जा रही है। यह पूर्णतः निःशुल्क होगी ,श्याम हॉस्पिटल सीपत रोड ,सरकंडा के सहयोग से यह लायंस क्लीनिक के द्वारा घर पर स्वास्थ्य जांच बीपी, शुगर, ऑक्सीजन, वजन, हृदय गति, डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श, सामान्य बीमारियों की निःशुल्क दवाइयांआवश्यकता पड़ने पर बड़े अस्पताल में रेफर रहेगी। संगम की यह सेवा पूरे जिले के लिए प्रेरणा है,सेवा का लाभ लेने के लिए शहर के किसी भी बुजुर्ग या उनके परिजन पर कॉल करके या व्हाट्सप करके संपर्क कर सकते हैं। क्लब की टीम उनके घर पहुंचकर सेवा देगी। लायंस क्लब संगम के सहसचिव व प्रोजेक्ट डायरेक्टर लायन चंद्रकला पैकरा ने बताया कि अपने स्थायी सेवा, बुक बैंक के सफलतम योजना से प्रेरित होकर ,इस स्वास्थ सेवा के लिए भी ,इस सेवा कार्य को हम स्थाई सेवा गतिविधि के तहत सेवा कार्य को सफल बनाने के लिए 20 लायन साथियों और डॉक्टरों की टीम बनाई गई है।

**आयोजन**

## शिविर में 3 हजार से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस ने कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी, नर्मदा नगर, आसमां सिटी में चार दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें लगभग 36 सौ से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ चंद्रशेखर उइके,



डॉ रश्मि तिवारी, डॉ मेजर टी. ए. सिंह, डॉ प्रियंका नेताम, डॉ मनोज सिंह, डॉ मनोज चंद्राकर, डॉ केके. श्रीवास्तव, डॉ राघवेन्द्र सिंह, डॉ राजेश दुबे, डॉ सुदेश वर्मा, डॉ विनीता बंजारे, डॉ घनश्याम गंगवानी, डॉ लव श्रीवास्तव, डॉ जीके. मित्तल, डॉ सुखनंदन साहू, डॉ दुष्यंत खत्री, डॉ मिताली खत्री, डॉ सोनल मिश्रा, डॉ अमित स्वर्णकार, डॉ मोहम्मद सलीम खान, डॉ अमित सिंह ठाकुर, डॉ विवेक महावर, डॉ दीपक कुमार साहू, डॉ अमृता, डॉ निधि, डॉ सुरभि राजगीर, डॉ दीपिका रजक, डॉ आलोक मंडल, डॉ हेमंत सिंह, डॉ मुकेश, डॉ आलोक मंडल, डॉ प्रकाश खरे ने अपनी सेवाएं दी। डॉक्टरों ने बरसात में स्वस्थ्य रहने एवं बचने हेतु उचित सलाह दी। दांतों व आंखों की देखरेख को लेकर मार्गदर्शन देकर दवा वितरण किया गया।

**कार्यक्रम**

## पौधरोपण, गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर चर्चा



**बिलासपुर।** मनसुखलाल सामुदायिक भवन शनीचरी में शुक्रवार को बागेश्वर धाम हिंदू राष्ट्र मातृ शक्ति सुंदरकांड मंडल बिलासपुर के समस्त कोर कमेटी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें गो सम्मान आह्वान अभियान एवं वृहद वृक्षारोपण महाअभियान की सफलता को लेकर चर्चा की गई। 26 जुलाई को सुबह साढ़े 7 बजे राजकिशोर नगर स्थित विवेकानंद उद्यान में पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया है। इसमें सभी सदस्यों को निर्धारित समय में हरे कलर के ड्रेस कोड में उपस्थित रहना है। बैठक का मुख्य उद्देश्य वृहद वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा, गो सम्मान आह्वान अभियान की रूपरेखा व जिम्मेदारियों का निर्धारण, समिति के आगामी कार्यक्रमों व कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर प्रतिमा श्रीवास्तव, हिमानी सिंह, शकुंतला शर्मा, पिंकी, रेखा दुबे, पूजा पाण्डेय, पूजा कर्ष, संगीता तिवारी, स्मिता साहू, तारणी शुक्ला, केके श्रीवास्तव, उत्तम कुमार अग्रवाल, सुनिल, जयंत श्रीवास्तव, जयशंकर पाण्डेय, अनंत खरे, श्री दुबे सैदा, अतुल तिवारी, अनुपम पाण्डेय, हृदेश कोहली, निरूपमा शर्मा, नित्यानंद उपस्थित थे।

**हेल्थ लाइव**

## स्क्रीन एडिक्टेड आज सबसे बड़ी चुनौती, है नुकसानदेह

**बिलासपुर।** स्क्रीन एडिक्शन एक बेहद आम समस्या जिससे बहुत से लोग परेशान हैं। ये आदत दिखने में एक सामान्य आदत लग सकता है, लेकिन यह धीरे-धीरे हमारे जीवन में कई चीजों को प्रभावित करता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में सब कुछ जानते हैं। आज के दौर में स्मार्टफोन, टैबलेट, कंप्यूटर और टेलीविजन जैसे गैजेट्स हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुके हैं। काम से लेकर मनोरंजन तक, हर क्षेत्र में इनकी भूमिका बढ़ती जा रही है, खासकर कोरोना महामारी के बाद 'वर्क फ्रॉम होम' और 'ऑनलाइन लर्निंग' ने स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को और बढ़ा दिया है। हालांकि, इन गैजेट्स के कई फायदे हैं, लेकिन इनका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग धीरे-धीरे एक नई समस्या को जन्म दे रहा है जिसे 'स्क्रीन एडिक्शन' कहते हैं। यह डिजिटल उपकरणों के उपयोग की एक लत है, जिसमें व्यक्ति नकारात्मक परिणामों के बावजूद स्क्रीन से दूर नहीं रह पाता। यह लत बच्चों, किशोरों और वयस्कों सहित हर आयु वर्ग को प्रभावित कर रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि बहुत से लोगों को ये मालूम भी नहीं है कि वो स्क्रीन एडिक्टेड हैं।



# महाप्रभु का दर्शन पाने बहुड़ा यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

रेलवे स्थित मौसी मां मंदिर से शुक्रवार को बाजे-गाजे व कीर्तन की धुन के साथ बहुड़ा यात्रा निकाली गई। इस दौरान महाप्रभु का दर्शन पाने एवं रथ का रस्सा खींचने श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। रास्ते भर भगवान का फूल बरसा एवं प्रसाद बांट कर स्वागत किया जाता रहा। श्री मंदिर में महाप्रभु के आने के इंतजार के साथ मंदिर परिसर को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

**फूलों, रौशनी से जगमगाया श्री मंदिर, छेरा पहरा गोपाल कृष्णा ने किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रथयात्रा के बाद महाप्रभु जगनाथ, देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अपने मौसी मां के घर पूरे 9 दिन तक रहे। वहां उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा। हर दिन विविध तरह के पकवान महाप्रभु को अर्पित किए जाते रहे । शुक्रवार को एक भव्य बहुड़ा यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही भगवान मौसी मां के घर से श्रीमंदिर वापस आ गए हैं। बहुड़ा यात्रा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी बलराम प्रसाद साहू ने पूजा की। छेरा पहरा की रस्म सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल कृष्ण राय ने निभाई। बहुड़ा यात्रा को सफल बनाने में श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष बीरबल प्रधान, उत्कल समाज के अध्यक्ष केके बेहरा सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।





### मान-मनौव्वल के बाद दी अंदर जाने

बहुड़ा यात्रा मौसी मां मंदिर से निकल कर बंगाली स्कूल, तोरवा थाना, पोस्ट आफिस चौक, जगमल चौक, दयालबंद, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, तारबाहर चौक, गिरजा चौक, सोलापुरी माता चौक, स्टेशन चौक, तितली चौक होते हुए श्री मंदिर पहुंची। यहां नाराज माता लक्ष्मी मंदिर का पट बंद कर दी थी। काफी मान-मनौव्वल व मीठा खिलाने के बाद महाप्रभु को अंदर जाने दी। इसके बाद श्री मंदिर के गर्भ गृह में महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व माता सुभद्रा को स्थापित कर दिया गया। अब प्रतिदिन मंदिर के पुजारी गोविंद पाढ़ी महाप्रभु की पूजा नियमित रूप से करते रहेंगे।

### फूलों से सजा रहा रथ

बहुड़ा यात्रा के दिन भी रथ को फूलों, ओडिशा से मंगाए गए कपड़ों से सजाया गया था। यहां भी पहले महाप्रभु की पूजा के बाद एक-एक कर भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा व महाप्रभु को रथ में बैठाया गया। इस समय प्रभु का एक झलक पाने श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। रथ के दोनों ओर लगे 50-50 फीट के रस्से को खींचने होड़ सी लगी रही।

# राम-कृष्ण जन्म की थीम पर सजाई झांकी

- निम्बार्क भवन में चल रहा अखंड युगल नाम संकीर्तन

विद्यानगर स्थित निम्बार्क भवन में चल रहे राधे-राधे अखंड युगल नाम संकीर्तन के पांचवे दिन शुक्रवार को राम कृष्ण जन्म की थीम पर आकर्षक झांकी सजाई गई। इसका सभी ने दर्शन लाभ लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संकीर्तन रथयात्रा उत्सव से शुरू होकर राधा अष्टक, शरद पूर्णिमा, अक्षय तृतीया, कदाली कुंज, हिडोरा उत्सव के बाद अब राम कृष्ण भगवान का जन्म उत्सव कीर्तन के पावन अवसर पर मनाया गया। इस दौरान सभी भक्तगण सखियों का भाव देखते ही बन रहा था। सभी अपने-अपने श्रद्धा भाव अनुसार ठाकुरजी को भोग अर्पित कर रहे थे। इससे विविध तरह के पकवानों का अंबार लग गया। जिसे अंत में प्रसाद के रूप में बांटा गया। सभी को अपने भाव के अनुसार सेवा का अवसर भी मिल रहा है।

आयोजन प्रमुख आशा रामावतार अग्रवाल ने बताया कि भगवान नाम का संकीर्तन एक अद्भुत सयोग है। जिसमें भक्ति, ज्ञान और कर्म का संगम देखने को मिल रहा है। निरंतर चल रहे संकीर्तन सभी को भगवान का साक्षात अनुभूति करा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अनुष्ठान में लोग अधिक से अधिक संख्या में भजन सेवा देने आए। इस तरह के आयोजन से आचार्य द्वारा बताए गए भक्ति मार्ग में चलने की विधि मिलती है। जिससे यहां शांति का एहसास होता है। लुप्त भक्ति ज्ञान





कर्म के मार्ग को युवा पीढ़ी और बच्चों को शामिल कर इससे अवगत कराना जरूरी है। पुराणों, वेदों में बताया गया है कि अच्छे कर्म करो। अच्छे और बुरे कर्मों की परिभाषा भी अलग-अलग बताई गई है। संकीर्तन स्थल में वृंदावन की भक्ति, ज्ञान और कर्म की त्रिवेणी संगम है। चारों धाम व तीर्थ का दर्शन हो रहा है।



### दे सकते हैं भजन सेवा

लोग अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय संकीर्तन में भजन सेवा देने आ सकते हैं। संकीर्तन 24 घंटे अनवरत चलता है। जब भी जरूरी कार्यों से समय मिले तो सभी दर्शन करने आकर संकीर्तन का लाभ उठाएं।

## मानवाधिकार शिक्षा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता



पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का दिया सुझाव

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष निरीक्षक कन्हैया त्रिपाठी 27 जुलाई तक छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इसी क्रम में उन्होंने पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ का दौरा कर शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मानवाधिकारों के संरक्षण, संवर्धन तथा नागरिक उत्तरदायित्व विषय पर संबोधित किया।

मुख्य अतिथि प्रो कन्हैया त्रिपाठी ने कहा कि आज के बदलते सामाजिक परिवेश में मानवाधिकारों की शिक्षा को संस्थागत स्वरूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में मानवाधिकार विषय पर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों एवं मानव गरिमा के प्रति जागरूकता विकसित होगी। विश्वविद्यालयों की मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित होनी चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक कार्यस्थल पर हिंसा, उत्पीड़न एवं भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी कार्य वातावरण प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। प्रो त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाले संघर्षों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। धैर्य, संवाद और सकारात्मक सोच से हर चुनौती का समाधान संभव है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साइबर सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य को भी मानवाधिकारों का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए इन क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रामप्रकाश मिर्रे, डॉ. श्रीकांत मोहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रूपेंद्र राव ने किया, जबकि अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव चंद्र भूषण मिश्र ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

# खेल संस्कृति, सकारात्मक, जनसहभागिता की पहल

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया मंच 'हमर बिलासपुर' द्वारा आयोजित 'कौन बनेगा फुटबॉल सम्राट' फाइनल प्रेडिक्शन कॉन्टेस्ट के विजेताओं का शुक्रवार को आयोजित भव्य सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने सम्मान किया। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में सोशल मीडिया ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे। विश्व कप फुटबॉल फाइनल में स्पेन और अर्जेंटीना के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में स्पेन ने 90 मिनट के खेल में 1–0 से जीत दर्ज कर विश्व विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इसी अवसर पर आयोजित 'कौन बनेगा फुटबॉल सम्राट' प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से विजेता टीम और मैच के परिणाम का पूर्वानुमान आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 432 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से

**विजेताओं का अमर अग्रवाल ने किया सम्मान**



208 प्रतिभागियों ने स्पेन की जीत का अनुमान लगाया। वहीं, स्पेन की 90 मिनट में 1–0 की जीत का सटीक पूर्वानुमान लगाने वाले मनीष आकाशी, विकास चौबे, सुमित पाल सलूजा, एस.एस. ठाकुर, लवलीन सलूजा, अतुल पटेल, सुरेश कुमार एवं उत्तम तिवारी विजेता बने। इस अवसर पर अमर अग्रवाल ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सामाजिक समरसता का सशक्त प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ समाज में सकारात्मक सोच, संवाद और सहभागिता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि 'हमर बिलासपुर' द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है और यह समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

कार्यक्रम में ग्रुप एडमिन एवं वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थी, पूर्व महापौर किशोर राय, अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ देवेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक, भाजपा पदाधिकारी अनिल दुआ सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिलासपुर में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सोशल मीडिया मंचों पर सकारात्मक विषयों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वस्थ संवाद, आपसी सहयोग, खेल भावना और सामुदायिक सहभागिता को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में भाजयूमो नेता रोशन सिंह, महर्षि बाजपेई, दुर्गेश पांडे एवं जिला भाजपा प्रवीण दुबे रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, चरणजीत गंभीर, प्रकाश माहेश्वरी, अशोक बजाज, विभिन्न खेल एवं शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधि, 'हमर बिलासपुर' सोशल मीडिया ग्रुप के सदस्य तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं शहरवासी उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय स्पर्धा में कराटे खिलाड़ियों का चयन

विकासखंड स्तरीय शासकीय स्कूल कोनी में कराटे राज्य खेल प्रतियोगिता में आनन्द मार्ग उच्च विद्यालय देव नगर कोनी के मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम पूरे विकासखंड में रोशन किया है।

खेल शिक्षक एवं कराटे कोच दिलीप लहरे के मार्गदर्शन में मैदान में उतरे 12 खिलाड़ियों में से 9 खिलाड़ियों जबरदस्त प्रदर्शन किया और जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पूरे विकासखंड में सबसे अधिक खिलाड़ियों का चयन और सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने का गौरव हमारे विद्यालय आनन्द मार्ग को प्राप्त हुआ है, हमारे विद्यालय का प्रदर्शन पूरी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रहा। भाग लेने वाले खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार है वैष्णवी यादव, दिव्या बघेल, जाया बघेल, दिव्या कश्यप, गुनगुन कश्यप, निधि साहू, वैष्णवी यादव, काव्य नायक, भूमिका कश्यप, अदिति अनंत एवं झरना साहू इत्यादि। आचार्य चित्तप्रभानंद अवधुत ने बताया कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में अनेक गतिविधिया कराई जाती है। इस सत्र में म्यूजिक, अभिनय,गायन व नृत्य कि कक्षाएं शुरू कि गई है। राजेश कुमार गुप्ता, प्रभा लठरे एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### एनआईटी रायपुर में चयन पर छात्र अनिश का सम्मान



**मुंगेली।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय मुंगेली के गणित संकाय के छात्र अनिष का जेईई मेंस सेकेण्ड सेशन परीक्षा में 79.33 परसेंटाईल अंक के साथ जोसा के सेकेण्ड राउण्ड काउंसलिंग में एनआईटी रायपुर में बायो मेडिकल इंजीनियरिंग कोर्स में चयनित होने पर संभागीय कमिश्नर सुनील जैन तथा कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी.डाहिरे व संस्थान के पदाधिकारी संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर , व्यवस्थापक एच.आर.भास्कर एवं अभिभावक प्रशांत जोशी उपस्थित रहे। इस सम्मान से अनिष ने अपने परिवार, विद्यालय के साथ–साथ जिलेवासियों को गौरवान्वित कराया हैं।

### किसान पोर्टल पर 31 अक्टूबर तक पंजीयन अनिवार्य

**मुंगेली।** शासन द्वारा कृषकों को पर्याप्त निवेश सहायता एवं लागत राहत देने के उद्देश्य से ''कृषक उन्नति योजना'' प्रारंभ की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 'एकीकृत किसान पोर्टल' में 31 अक्टूबर तक पंजीयन, फसल सुधार, कैरी फारवर्ड आदि कार्य कराना अनिवार्य है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के लिए पंजीकृत कृषकों को खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों जैसे दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, कपास आदि के लिए 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की आदान सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही, समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराने पर 15 हजार रूपए की प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि दी जाएगी। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या सेवा सहकारी समिति से संपर्क कर सकते हैं।

## निधन

### राजेश्वर देवांगन



**बिलसपुर।** राजेश्वर देवांगन (उर्फ कालू) का 24 जुलाई को रायपुर में निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई को सुबह 10 बजे मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद बिलासपुर में किया जाएगा। वे प्रकाश, प्रहलाद, मनोज, धनराज के छोटे भाई थे।

### गीता कुमार



**बिलासपुर ।** दयालबंद निवासी श्रीमती गीता कुमार का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई को सुबह 11 बजे दयालबंद मधुबन में किया जाएगा। वे स्व. सुरेश चंद्र कुमार की पत्नी, उमेश चंद्र कुमार, राकेश कुमार अरविन्द कुमार की माताश्री थीं।

### कान्ताबाई बजाज



**बिलासपुर।** सिंधी कालोनी निवासी स्वः चेलाराम बजाज की पत्नी कान्ताबाई बजाज का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जुलाई को दोपहर 1 बजे निज निवास रतन महराज के घर के सामने से झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी के लिए निकलेगी। वे अजय (टिल्लू)महेश, सोनू बजाज की माता थीं।

### अर्चित पाठक



**सीपत।** नगर के विप्र समाज बजरंग चौक निवासी वीरेंद्र पाठक शिक्षक के पुत्र अर्चित पाठक का 12 वर्ष की आयु में 23 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। अर्चित पाठक लिटिल लर्नर पब्लिस स्कूल कक्षा सातवीं का छात्र था। इनके अंतिम संस्कार में विप्र समाज, शाला परिवार एवं इष्टमित्र उपस्थित थे।

### हाईस्कूल धमनी में साइकिल ,जातिप्रमाण पत्र और पाठ्यपुस्तकों का वितरण

# शिक्षा और संस्कार ही विद्यार्थियों की सबसे बड़ी पूंजी: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

हाईस्कूल धमनी में विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि शिक्षा ही विकसित राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव है।

सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बालिका शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन तथा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान की सराहना की।अंबालिका साहू, सभापति जिला पंचायत मुंगेली ने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाएँ तभी सफल होंगी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जिला महामंत्री भाजपा कैलाश ठाकुर ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही विद्यार्थियों की सबसे बड़ी पूंजी हैं। कार्यक्रम में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी की 21 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। निःशुल्क जाति प्रमाणपत्र वितरण के तहत 5 विद्यार्थियों को जाति प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला के 5, पूर्व माध्यमिक शाला के 5 तथा हाईस्कूल धमनी के 5 विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। वहीं निःशुल्क गणवेश वितरण योजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला धमनी की कक्षा पहली के विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किए गए। इसके पश्चात एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत हाईस्कूल धमनी परिसर में अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रिजवान हक प्रदेश मंत्री, डॉ. प्रतिभा मंडलोई बीईओ पथरिया, पंकज वर्मा एल्डरमेन सरगांव, रिंकी राज कौशिक सरपंच धमनी, राज कौशिक सरपंच प्रतिनिधि, एजाज अली उप सरपंच धमनी, दिलीप कुमार ठेठवार प्राचार्य, अनुज धृतलहरे पूर्व जनपद अध्यक्ष, अनिल दुबे, विष्णु राजपूत पूर्व पार्षद, रामकिशुन जायसवाल, मंत्री लाल कौशिक, मधु कौशिक, रामफल ध्रुव सचिव, अश्वनी कौशिक, लक्ष्मण कौशिक, शिवकुमार कौशिक, आनंद राम कौशिक, चैनू टंडन, भागीरथी कौशिक, विनोद मधुकर, रतन साहू, इन्दराम निषाद, चैतराम जलतारे, अजय कमल,रामसिंह ठाकुर, मोतीलाल अनंत, बलजीत सिंह कांत, छन्नूराम भारद्वाज सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




# शासकीय कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा नेताओं में तनातनी

**पेंड्रा।** नवागांव में वन विभाग द्वारा आयोजित एक शासकीय कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा नेताओं के बीच बैठने की व्यवस्था को लेकर तनातनी हो गई। इस खींचतान के चलते कुछ देर के लिए कार्यक्रम स्थल पर भारी असहजता और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई।

- प्रोटोकॉल को लेकर मचा बवाल, असहज दिखे नेता

पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ जब जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा को मंच पर पहली पंक्ति में जगह नहीं मिलने के कारण दूसरी पंक्ति में बैठना पड़ा। इसके कुछ ही देर बाद जब समीरा पैकरा को सम्मानपूर्वक पहली पंक्ति में लाया गया, तो इससे नाराज होकर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह और भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी तुरंत मंच से उठकर एक तरफ किनारे चले गए। भाजपा के इन शीर्ष नेताओं के इस तरह मंच छोड़ने से वहां मौजूद अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच खलबली मच गई। मामले को बढ़ता देख स्थिति तब जाकर शांत हुई जब कलेक्टर विजय दयाराम के. कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने हस्तक्षेप कर माहौल को संभाला। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह ने भी कहा कि समीरा पैकरा के देर से आने के कारण यह स्थिति बनी थी, लेकिन बाद में उन्हें तत्काल उनके नियत स्थान पर आगे बैठा दिया गया था। भाजपा के इस अंदरूनी घटनाक्रम पर विपक्ष ने भी जमकर हमला बोला है। कांग्रेस नेता राकेश जालान ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के भीतर गुटबाजी इस कदर बढ़ चुकी है जिसकी अब कोई सीमा नहीं रही। उन्होंने कहा कि शासकीय मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष जैसी जनप्रतिनिधि को पीछे बैठना पड़े, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रशासनिक आयोजनों में कम से कम तय प्रोटोकॉल का तो सम्मान किया ही जाना चाहिए था।



**प्रोटोकॉल का पालन जरुरी**

किसी भी शासकीय आयोजन में पदों के हिसाब से प्रोटोकॉल का पालन होना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कलेक्टर के आगमन और हस्तक्षेप के बाद सब कुछ ठीक कर लिया गया।

समीरा पैकरा
अध्यक्ष, जिला पंचायत

**गरिमा का रखा गया ध्यान**

पद की गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया था। समीरा पैकरा कार्यक्रम में थोड़ी देर से पहुंची थीं, इसलिए वे पीछे की पंक्ति में बैठ गई थीं। बाद में जब उन्हें आगे लाया गया, तो सब सामान्य हो गया।

-लालजी यादव
भाजपा जिला अध्यक्ष।

# अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष से मिले समाज के पदाधिकारी



**बिल्हा।** अग्रवाल इकाई के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल से मुलाकात की।

बैठक में संगठन एवं समाजहित के विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। प्रदेशव्यापी पौधरोपण पखवाड़े की सराहना ,समाज में प्री-वेडिंग संस्कृति एवं मृत्यु भोज पर रोक लगाने का संकल्प ,सम्मेलन के विस्तार हेतु आजीवन सदस्यता अभियान को गति देना ,शीघ्र ही निःशुल्क हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन जैसे सामाजिक मुद्दों पर सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार एवं सुझाव रखे।

इस मौके पर विमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, बिल्हा इकाई अध्यक्ष प्रहलाद रॉय अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल , रोहिणी अग्रवाल, बज्जू अग्रवाल एवं मनोज बंसल उपस्थित रहे।

# अमृत मिशन की खुदाई से नगर की सड़कों पर कीचड़ ही कीचड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर में अमृत मिशन के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक की गई खुदाई के बाद कंक्रीट न होने से पूरा नगर कीचड़ में डूब गया है। बरसात के कारण सड़कों पर 1-1 फीट तक कीचड़ जमा है, जिससे आमजन के साथ-साथ स्कूल आने-जाने वाले छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- भाजपा पार्षदों ने सीएमओ और ठेकेदार को लगाई फटकार

इस समस्या को लेकर भाजपा पार्षदों ने शुक्रवार मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अमृत मिशन के ठेकेदार व कर्मचारियों को बुलाकर इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। पार्षदों ने कहा कि गड्ढे और कीचड़ के कारण रोजाना लोगों के वाहन फंस रहे हैं, पैदल चलना मुश्किल है। बच्चें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष कोमल सिंह ठाकुर ने कहा अमृत मिशन जनता की सुविधा के लिए है, लेकिन तखतपुर में यह अभिशाप बन गया है।



15 वार्डों में खुदाई करके ठेकेदारों ने काम अधूरा छोड़ दिया। प्रशासन आंख मूंदकर बैठा है। पार्षदों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सभी जगह कंक्रीट का काम पूरा किया जाए, वरना भाजपा पार्षद जनता के साथ सड़क पर उतरेंगे। लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई कर तय समय में काम पूरा कराया जाए। पार्षदों ने कहा कि बच्चों और आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष कोमल सिंह ठाकुर, पार्षद अंकित अग्रवाल, कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, सुनील आहूजा, इस्लाम अंसारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विंध्यासर एनीकट में डूबने से राजमिस्त्री की मौत

**तखतपुर।** विंध्यासर एनीकट में 38 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना एनीकट पार करते समय युवक की चप्पल पानी में बह गई, जिसे पकड़ने के प्रयास में वह तेज बहाव में बहकर गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही सकरी पुलिस एवं एसडीआरएफ की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद शव को पानी से बाहर निकाला।

सूत्रों के अनुसार मुकेश उर्फ हेतराम साहू , पिता शिवकुमार साहू , उम्र 38 वर्ष ,जो पेशे से राज मिस्त्री था। 23 जुलाई को शाम 4 बजे वह विंध्यासर एनीकट पार कर रहा था उसी दौरान उसका चप्पल पानी में बह गया। चप्पल को पकड़ने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ गया। एनीकट के तेज बहाव में बह गया देखते ही देखते वे गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना पर सकरी पुलिस और एसडीआरएफ की गोताखोर टीम तत्काल मौके पर पहुंची और तलाश अभियान शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शाम 6 बजे गोताखोरों ने मुकेश साहू का शव पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# राज्य सलाहकार ने चितावर पंचायत का किया निरीक्षण

**तखतपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी मोनिका सिंह ने विकासखंड तखतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चितावर का निरीक्षण किया।

उन्होंने ग्राम पंचायत में संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन का अवलोकन भी किया। स्वच्छग्राही समूह के सदस्यों को नियमित डोर-टू-डोर कलेक्शन, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित कराने तथा स्वच्छता शुल्क के नियमित संग्रह एवं उसके महत्व के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत और सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएगा। घर से निकलने वाले कचरे का चार प्रकार से पृथक्करण, नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में सहयोग, स्वच्छता शुल्क का समय पर भुगतान तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। ग्राम पंचायत, स्वच्छग्राही एवं ग्रामीण यदि सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, तो प्रत्येक गांव को स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छग्राहियों एवं ग्रामीणों को कचरे को चार प्रकार से जैसे कि सूखा कचरा, गीला कचरा, सेनेटरी कचरा एवं विशेष देखभाल या इलेक्ट्रॉनिक कचरा को एकत्रित करने की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छ एवं कचरा मुक्त ग्राम के निर्माण हेतु विस्तार से चर्चा करते हुए स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण एवं वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया कि वे ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक करें, निर्धारित स्थान पर ही कचरे का निस्तारण सुनिश्चित कराएं तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को पहले समझाइश दें एवं आवश्यक होने पर नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें। इस अवसर पर जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तखतपुर, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, ब्लॉक समन्वयक, बीपीएम एनआरएलएम, प्रधानमंत्री आवास योजना के तकनीकी सहायक, जनपद पंचायत की टीम, सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिहान समूह की महिलाएँ, स्वच्छग्राही तथा अन्य उपस्थित रहे।



# पचपेड़ी कॉलेज का निर्माण स्थल बदलने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**मस्तूरी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय पचपेड़ी के प्रस्तावित भवन निर्माण स्थल को बदलने के प्रयास के विरोध में ग्राम पंचायत पचपेड़ी और क्षेत्रवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आया।

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर बिलासपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि महाविद्यालय का स्थायी भवन उसी भूमि पर बनाया जाए, जिसे ग्राम पंचायत ने पूर्व में विधिवत प्रस्ताव पारित कर उपलब्ध कराया था। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भवन निर्माण स्थल बदला गया तो व्यापक जनआंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि नवीन शासकीय महाविद्यालय का संचालन पिछले तीन वर्षों से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में किया जा रहा है। अब अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मस्तूरी द्वारा महाविद्यालय भवन निर्माण का स्थल बदलकर अन्य स्थान पर निर्माण कराने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच कविता चंद्र प्रकाश कुर्रे, उपसरपंच करण टंडन, रमेश सूर्यकांत, देवेंद्र जायसवाल, विजय नामदेव, ईश्वर महिलांगे, राजेश गुप्ता, सत्तानंद, दिव्या, सुरेंद्र, मधुकर, रंजीत राय, नीतीश कुर्रे, समीर रत्नाकर, टिकेंद्र मधुकर, सोमेश्वर लहरे, किसन मधुकर, राजू रात्रे, सुरेश कुर्रे, कौशल कुर्रे, मंसाराम शांडिल्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## शपथ-पत्र

मैं प्रेम कुमार प्रसाद पिता - हरीकेश प्रसाद, निवासी - भवानी विलास, श्री बालाजी कॉलोनी, चंद्र चौक पास, देवरीखुर्द बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

1. यह कि मेरी पुत्री का नाम TANISHQ PRASAD के नाम से था जो कि उसके सरनेम को बदलना चाहता हूँ।
2. यह कि मैं अपनी पुत्री TANISHQ SHARMA का यह नाम एवं स्पेलिंग नाम सही है जो की सभी शासकीय एंव अर्ध शासकीय जगहो मे काम आवे।
3. यह कि मैं प्रेम कुमार प्रसाद अपनी पुत्री का नाम/सरनेम सुधारने हेतु शपथपत्र प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता
प्रेम कुमार प्रसाद

**सक्षम नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**-:: शपथ पत्र::-**

मैं श्रीमती उम्मे हबीबा यासीनी उम्र 38 वर्ष पति अब्दुल कुद्दुस, निवासी–वार्ड नं. 13 आमिर होटल, मगरपारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ, जो एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँ :–
(1) मैं श्रीमती उम्मे हबीबा यासीनी उम्र 38 वर्ष पति अब्दुल कुद्दुस, निवासी–वार्ड नं. 13 आमिर होटल, मगरपारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ।
(2) मैं अपने नाबालिग पुत्र मोहम्मद बदिउल हसन मनिहार (MOHAMMAD BADIUL HASSAN MANIHAR) से बदलकर मोहम्मद बदिउल हसन (MOHAMMAD BADIUL HASAN) करवाना चाहती हूँ।
(3) मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।
(4) मेरे पुत्र मोहम्मद बदिउल हसन मनिहार (MOHAMMAD BADIUL HASSAN MANIHAR) को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के प्रस्तुत कर रही हूँ।

श्रीमती उम्मे हबीबा यासीनी
शपथकर्ता

**-:: सत्यापन ::-**

मैं श्रीमती उम्मे हबीबा यासीनी उम्र 38 वर्ष पति अब्दुल कुद्दुस, सत्यापित करती हूँ कि क्र.01 से 05 तक मेरे ज्ञान से सत्य व सही है। आज दिनांक 24 जुलाई 2026 को बिलासपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

श्रीमती उम्मे हबीबा यासीनी
शपथकर्ता

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 20/07/2026

प्रति, 1. आवेदक एम.एस. बिल्डकॉन द्वारा भागीदार महेश दुहलानी पिता शंकर लाल दुहलानी आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. आशा एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय :– सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ :– न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ ना.तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 08/07/2026 ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 195/7 शा. नं. 164/3, 217/2, 159/22, 159/23, 159/24 रकबा क्रमशः 0.2700, 0.2630, 0.2830, 0.2630 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक महेश दुहलानी निवासी वार्ड न. 19 दुहलानी रेसीडेंस अयोध्या नगर रिंग रोड, बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 03/08/2026 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा, जिला बिलासपुर, छ.ग.**

राजस्व अपील प्र.क्र. 202508072200011/ अ–27/24–25
ग्राम–रतनपुर, तहसील–रतनपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग.
क्रमांक 1325/वाचक–1/2026
कोटा/दिनांक 21/07/26

पक्षकार
शालिनी पिता स्व. शत्रुघन राव पति अनिल हांके वगै., निवासी मकान नं. 197, वीर सावरकर वार्ड गढा, जबलपुर......अपीलार्थी।
बनाम
तारा शिन्दे पति भरत राव शिन्दे वगै., निवासी करैहापारा, तहसील – रतनपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग. ........ उत्तरवादीगण।

**"सूचना"**

प्रति
1. सविता राव पिता श्याम राव, निवासी तिलकनगर बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग., 2. यशवंत राव पिता स्व. कामेश्वर राव गायकवाड़ 3. संयय राव पिता स्व. कामेश्वर राव गायकवाड़ दोनो निवासी मनेन्द्रगढ़, तहसील व जिला बिलासपुर, छ.ग. जिला बिलासपुर, छ.ग.
विषय :–पेशी में उपस्थित होने बाबत्।
इस न्यायालय में अपीलार्थी शालिनी पिता स्व. शत्रुघन राव पति अनिल हांके वगै निवासी मकान नं. 197, वीर सावरकर वार्ड गढा, जबलपुर, म.प्र. ने छ.ग. भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (1) के तहत ग्राम– रतनपुर, तहसील– रतनपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग. केरा. प्र.क्र. 2025030723000004/ अ–27/24–25 आदेश दिनांक 27.06.2025 के विरूद्ध में अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त प्रकरण की सुनवाई 30.07.2026 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में नियत है।
एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक एवं स्थान में 11.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते है। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी।
आज दिनांक 21/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा,
जिला बिलासपुर, छ.ग.

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆नसों का रोग ◆मानसिक रोग
◆त्वचा एवं बालों का रोग ◆स्त्री रोग ◆मूत्र संबंधी रोग
◆मधुमेह (डायबिटीज़)◆नेत्र रोग ◆किडनी संबंधी रोग
◆पेट संबंधी विकार ◆थायराइड मांसपेशी का रोग
◆अस्थमा ◆मोटापा ◆मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने सुरभि को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** गुरु घासी दास विश्वविद्यालय के रूरल टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा सुश्री सुरभि पांडेय को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध डा भास्कर चौरसिया के निर्देशन में स्टडीस आन आइसोलेशन एंड आइडेन्टीफिकेशन ऑफ एंडोफिटिक फंगई एंड देयर बायोएक्टिव मालीक्यूल्स फ्राम कुरकुमा कैसिया रोबेक्स में पूर्ण किया। वे विजय पांडेय व पुष्पा पांडेय की सुपुत्री है।

### श्री गुरु तेग बहादुर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**बिलासपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ प्रवेश उत्सव के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस सत्र में प्रवेश प्राप्त करने वाले बच्चों का विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। स्कूल की शिक्षण समिति के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह भोगल की उपस्थिति में प्राचार्या नीसी गुप्ता एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, आरती उतारकर और ट्रॉफी भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में शिक्षण समिति अध्यक्ष श्री भोगल ने कहा बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य हैं। श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मैं सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं और अभिभावकों से अपील करता हूं कि वे बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग दें। प्राचार्या नीसी ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह, चरण सिंह, मनदीप कौर, अमरेंद्र मुखर्जी, प्रकाश सर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने किया वृद्धा आश्रम में फल वितरण



**बिलासपुर।** छग नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष ममता सोनी ने अपना जन्मदिन सेवा, संवेदना एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया। उन्होंने शुवणी वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों से मुलाकात की तथा उनके बीच फल, बिस्किट एवं मिठाई का वितरण किया। उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष अजय कश्यप, अरविंद साहू, शायमा साहू, जितेन्द्र तरामकार, दीपमाला राठौर , मंजू दुबे, सरोज साहू, मुक्ता पांडेय, चंचल कुशवाहा एवं पूर्वी दुबे आदि मौजूद थे।

### लायंस क्लब जोन 19 की प्रथम मीटिंग में दी गई योजनाओं की जानकारी



**बिलासपुर।** लायंस क्लब जोन 19की प्रथम मीटिंग जोन चेयरपर्सन डॉ रश्मिलता मिश्रा द्वारा किया गया। जिसमें जोन 19 के तीनों क्लब स्माइल, वसुंधरा,और हेल्थ केयर के पदाधिकारी पूर्व रीजन चेयर पर्सन बुलुश महेश कुमार वर्तमान अर्चना तिवारी, रीजन एडवाइजर एम जे एफ नितिन सलूजा अध्यक्ष प्रवीण सलूजा, संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा (वसुंधरा)सचिन शेखर रेड्डी (हेल्थ केयर) सचिव दीप्ति लता साहू (स्माइल)सह सहसचिव ज्योति सिंगरौल, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह (हेल्थकेयर) कोषाध्यक्ष ज्योति नामदेव (स्माइल) आदि उपस्थित थे। मीटिंग में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी और आगामी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई तथा पदाधिकारी द्वारा उन्हें उचित मार्गदर्शन भी दिया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने के लिए निशा को मिला आरोग्य शिरोमणि सम्मान




**बिलासपुर।** मानव सेवा, समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली समाज सेविका निशा यज्ञेश सोनी को संस्थापक अध्यक्ष स्वर्णा महिला विंग वेलफेयर फाउण्डेशन एवं स्वर्णा महिला स्व सहायता समूह को प्रतिष्ठित आरोग्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह सामाजिक संस्था शंकुतला फाउंडेशन रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित वृंदावन हाल, सिविल लाइन में आयोजित किया गया था। समारोह में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा श्रीमती निशा को मोमेंटो एवं अनुशंसा/प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शंकुतला फाउंडेशन की संस्थापिका स्मिता सिंह की विशेष अनुशंसा पर विभिन्न क्षेत्रों में निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने वाली उत्कृष्ट हस्तियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, स्व सहायता समूह के माध्यम से जागरूक करने तथा निरंतर किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

**छात्रों से नहीं होगी वसूली** | 9 वीं से 12 वीं के एडमिशन-परीक्षा फॉर्म की गाइडलाइन जारी

# बोर्ड का फार्म भरने में एक दिन भी लेट तो देना होगा एक हजार का विलंब शुल्क

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के नियमित विद्यार्थियों के प्रवेश और बोर्ड परीक्षा फॉर्म भरने संबंधी विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके तहत स्कूलों को 31 अगस्त तक प्रवेश सूची के साथ परीक्षा और नामांकन फॉर्म ऑनलाइन भरना होगा।

- 31 अगस्त तक भरे जाएंगे नामांकन,संस्था प्रमुख की होगी जिम्मेदारी।

वहीं परीक्षा आवेदन शुल्क और परीक्षा शुल्क 30 सितंबर तक ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य रहेगा। मंडल ने स्पष्ट किया है कि पोर्टल लॉक (बंद) होने से पहले सभी प्रविष्टियों की अच्छी तरह जांच कर ली जाए। यदि पोर्टल दोबारा खोलने की आवश्यकता पड़ती है तो प्रति दिन 1000 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। यह शुल्क स्कूल संस्था से लिया जाएगा और किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों से इसकी वसूली नहीं की जाएगी।माशिमं ने निर्देश दिया है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के नियमित विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि करते समय विशेष सावधानी बरती जाए। यदि किसी छात्र की जानकारी गलत दर्ज होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रमुख की होगी। मंडल ने यह भी स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं और 12वीं के विषयों में संशोधन 31 दिसंबर 2026 के बाद स्वीकार नहीं किए जाएंगे।




#### फैक्ट फाइल

- 31 अगस्त 2026: प्रवेश सूची, नामांकन और परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि
- 30 सितंबर 2026: परीक्षा आवेदन शुल्क और परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि
- 31 दिसंबर 2026: कक्षा 10वीं और 12वीं के विषय संशोधन की अंतिम तिथि
- 31 जनवरी 2027: प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक ऑनलाइन दर्ज करने की अंतिम तिथि

फरवरी 2027: बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को देखते हुए जनवरी से प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट परीक्षाएं आयोजित

#### 31 जनवरी तक प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट के अंक होंगे दर्ज

गाइडलाइन के अनुसार प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक 31 जनवरी 2027 तक ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके बाद अंक प्रविष्टि या संशोधन के लिए केवल दो दिन के लिए पोर्टल खोला जाएगा। इस अवधि में भी पोर्टल खोलने पर प्रति दिन 1000 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। विलंब शुल्क की गणना 31 जनवरी के बाद से की जाएगी।

#### अकादमिक स्टाफ की जानकारी भी देनी होगी

मंडल ने सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को निर्देश दिया है कि प्राचार्य सहित पूरे अकादमिक स्टाफ की जानकारी भी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। यदि यह जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो संबंधित स्कूल की प्रवेश सूची और विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं। माशिमं के अनुसार 10वीं और 12वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद 10 दिन की समय सीमा के भीतर पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

## सड़क पर मवेशी..



साइंस कॉलेज के बीच सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है, जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं होती हैं।

## शैल वस्त्रालय के लूटमार सेल में अब पाएं अतिरिक्त 5% बचत




बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** शैल वस्त्रालय की शानदार 'लूटमार सेल 2026' में खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए अब बचत का एक और शानदार अवसर सामने आया है।

24 जुलाई से 26 जुलाई तक खरीदारी करने वाले ग्राहकों को एक विशेष कूपन दिया जाएगा, जिसके माध्यम से वे अतिरिक्त 5% डिस्काउंट का लाभ उठा सकेंगे। शैल वस्त्रालय की लूटमार सेल में पहले से ही पुरुषों और महिलाओं के परिधानों पर अपटू 60% तक की भारी छूट दी जा रही है। अब इस शानदार सेल में खरीदारी के साथ ग्राहकों को अतिरिक्त बचत का विशेष अवसर भी मिलेगा। यानी इस खास ऑफर में खरीदारी का फायदा सिर्फ आज तक सीमित नहीं रहेगा—आज की खरीदारी, आने वाली खरीदारी में अतिरिक्त बचत का मौका भी देगी! 24, 25 और 26 जुलाई को खरीदारी कीजिए, अपना विशेष कूपन लें और अतिरिक्त 5% डिस्काउंट का लाभ उठाइए।भारी छूट के बीच अतिरिक्त बचत का यह खास मौका हाथ से न जाने दें।

# अटल विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक में छात्रों ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में परिवहन व्यवस्था, यूटीडी की सेल्फ फाइनेंस सीट को सामान्य सीट में बदलने के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक जैसे महत्वपूर्ण पद से जुड़ी कथित प्रशासनिक अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। छात्रों ने कुलसचिव डॉ. गौतम से मिलने से इनकार करते हुए कहा कि वे अपनी मांगों एवं समस्याओं को सीधे विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्यों के समक्ष रखना चाहते हैं।

- छात्रों ने कुलसचिव से मिलने से किया इनकार

छात्रों का कहना था कि जब कार्यपरिषद की बैठक चल रही है, तब छात्रहित से जुड़े गंभीर विषयों पर कार्यपरिषद के सदस्यों से ही सीधे संवाद होना चाहिए, जिससे उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई की जा सके।इसी दौरान मौके पर उपस्थित प्रोफेसर डॉ. कन्हैया त्रिपाठी ने धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना। छात्र प्रतिनिधियों ने उनके समक्ष मूलभूत सुविधाओं के साथ एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक के पद से संबंधित कथित प्रशासनिक अनियमितता की जांच का विषय प्रमुखता से रखा। छात्रों ने बताया कि एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक के पद पर पदस्थ डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, जो मूलतः सहायक प्राध्यापक भूगोल के पद पर हैं को जुलाई 2018 में राज्य शासन द्वारा दो वर्षों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। जुलाई 2020 में प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण होने के बाद विवि की अनुशंसा पर दो वर्ष की वृद्धि तथा इसके पश्चात वर्ष 2022 में पुनः एक वर्ष की वृद्धि प्रदान की गई। कार्यपरिषद के सदस्य पिछले गेट से बैठक कक्ष में पहुंचे। इस दौरान विशेष रूप से छात्र नेता सूरज सिंह राजपूत, नीरज यादव,नमन रात्रे, मौर्य प्रताप आदि मौजूद थे।



### जिला कार्यकारिणी के अंकित बने अध्यक्ष

**बिलासपुर।** एमसीईए छत्तीसगढ़ की जनपद शहर इकाई की बैठक मणि शंकर श्रीवास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राष्ट्रीय संगठन सचिव आदित्य नारायण सेन मुख्य अतिथि रहे। संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष अमित श्रीवास ने की। आदित्य नारायण ने संगठन के उद्देश्य और सम्राट महापद्मनंद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए लोगों से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। अमित श्रीवास ने सामाजिक दायित्व निभाने और 'पे बैक टू सोसायटी' की भावना से कार्य करने की अपील की। बैठक में बिलासपुर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अंकित श्रीवास अध्यक्ष, रमेश ठाकुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र श्रीवास उपाध्यक्ष, मणिशंकर श्रीवास सचिव, गणेश श्रीवास उप सचिव, रमेश श्रीवास और वीरेंद्र सेन संगठन सचिव, आनंद श्रीवास कोषाध्यक्ष, गोपाल जी श्रीवास मीडिया प्रभारी तथा सुरेंद्र कुमार सेन को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## श्री विजय वंदना हॉस्पिटल ने किया स्पाइन का ऑपरेशन



हेल्थ प्लस

**बिलासपुर।** श्री विजय वंदना हॉस्पिटल ने स्पाइन की कॉम्प्लेक्स सर्जरी का सफल ऑपरेशन कर एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह इस क्षेत्र में किसी से कम नहीं। एक जटिल न्यूरोसर्जरी ऑपरेशन के बाद रीढ़ की हड्डी की एक दुर्लभ बीमारी के लिए लल्लू यादव 55 वर्ष, विष्णु नगर कुदुदंड का ऑपरेशन किया गया।

लल्लू यादव एक माह पूर्व विजय वंदना हॉस्पिटल में गर्दन में असहनीय पीड़ा एवं दोनों हाथों में कमजोरी के इलाज के लिए आए थे। जांच में पाया गया कि मरीज को रीढ़ की हड्डी की एक बहुत ही दुर्लभ बीमारी है बेसिलर इनवैजिनेशन रीढ़ की हड्डी की एक गंभीर स्थिति है जिसमें गर्दन की हड्डी का ऊपरी हिस्सा (ओडोन्टॉइड प्रोसेस) खोपड़ी में बहुत ऊपर तक खिसक जाता है। जिससे स्पाइनल कॉर्ड क्षतिग्रस्त हो जाता है, यदि यह क्षति कुछ दिन अधिक रह जाती तो मरीज को चारो हाथ पैर का लकवा होने की पूर्ण सम्भावना थी जो कि कभी भी ठीक सुधारा नहीं जा सकता। इसके लिए डॉ विजय कुमार ने अपनी टीम साथ मिलकर मरीज का 22 जुलाई को लल्लू यादव का सी-2 और ऑक्सिपिटल एवं फोरामेन मैग्नम डीकम्प्रेशन ऑपरेशन किया। यह स्पाइन की उच्च स्तरीय कॉम्प्लेक्स स्पाइन सर्जरी की श्रेणी में की जाने वाली अत्यंत जटिल सर्जरी है। सर्जरी के बाद लल्लू यादव को सुयोजित देखभाल एवं आवश्यक सावधानियों के साथ नियमित देखभाल कर मरीज को पूर्ण रूप से पीड़ा से मुक्ति मिली और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। उन्होंने डॉ. विजय कुमार एवं श्री विजय वृंदा हॉस्पिटल परिवार का आभार व्यक्त किया।

### उत्कल बिलास साहित्य संसद में बैस सम्मानित



**बिलासपुर।** प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा महा उत्सव पर रेलवे प्रक्षेत्र स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में, उत्कल बिलास साहित्य संसद के तत्वावधान में साहित्य, संस्कृति एवं कला को समर्पित समारोह में सुरेश सिंह बैस को सतत साहित्य साधना के उत्कृष्ट कार्य पर काव्य बिलासी सम्मान से सम्मानित कर शाल, प्रशस्ति पत्र व उत्कल विलास साहित्यिक पत्रिका प्रदत्त किया गया। इस अवसर पर प्रति वर्ष की भांति उत्कल विलास साहित्यिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विनय कुमार पाठक थे।

## तीन दिवसीय श्रीराम श्रद्धा यात्रा आज से

**बिलासपुर।** 25 जुलाई से 27 जुलाई तक तीन दिवसीय 'श्रीराम श्रद्धा यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित श्रद्धा के नारियल एकत्र किए जाएंगे। इन नारियलों को अयोध्या धाम ले जाकर रामलला के श्रीचरणों में समर्पित किया जाएगा। 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे देवकीनंदन चौक स्थित हनुमान मंदिर, तिलक नगर यात्रा का शुभारंभ होगा।



बेलतरा विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रहे विजय केशरवानी ने कहा कि मुक्तिधाम चौक सरकण्डा, मार्क हास्पिटल, गायत्री मंदिर चांटीडीह, संतोषी मंदिर, रामायण चौक चांटीडीह, रपटा चौक, चांटीडीह सब्जी मंडी, अशोक विहार (डबरीपारा),शिवमंदिर चिंगराजपारा, स्कूल चौक, अमरैय्या चौक, प्रभात चौक चिंगराजपारा, अपोलो चौक लिंगियाडीह, बजरंग मंदिर राजकिशोर नगर होते हुए मोपका चौक होकर मोपका बस्ती में समाप्त होगी। दूसरे दिन 26 जुलाई को महामाया मंदिर बिजौर से दोपहर 12 बजे प्रारम्भ होकर बहतराई स्टेडियम, से बहतराई बस्ती, नवधा रामायण चौक, अटल चौक, से भक्त माता कर्मा चौक सरकण्डा थाना, साइंस कॉलेज, बैमा नगोई रोड देवनंदन नगर, रामा ग्रीन सिटी, ड्रीम सिटी, अटल चौक, खमतराई बस्ती से मुरूम खदान- बगदाई मंदिर में समापन होगी। 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे कोनी से प्रारम्भ होकर गुरुघासीदास विश्वविद्यालय, ई.टी.आई.,इंजीनियरिंग कालेज, सुंदर लाल शर्मा विश्वविद्यालय से बुढ़ादेव मंदिर बिरकोना, अटल चौक, श्रीराम चौरा - प्रायमरी स्कूल, मां मावली देवी मंदिर बिरकोना से महामाया मंदिर बैमा नगोई ,बस्ती होकर वैष्णोदेवी मंदिर में समापन होगा।

## एरीना के विद्यार्थियों ने किया न्यूज चैनलों का शैक्षणिक भ्रमण



एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन बिलासपुर द्वारा रायपुर स्थित दो प्रमुख समाचार चैनलों आईएनएच न्यूज़ एवं एशियन न्यूज़ का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस इंडस्ट्री विज़िट में विद्यार्थियों ने समाचार निर्माण, संपादन, ग्राफिक्स डिज़ाइन, लाइव ब्रॉडकास्टिंग तथा न्यूज़ प्रोडक्शन की संपूर्ण कार्यप्रणाली को बेहद करीब से समझा।

आईएनएच न्यूज़ चैनल के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने न्यूज़रूम, स्टूडियो, पीसीआर (प्रोडक्शन कंट्रोल रूम) एवं एमसीआर (मास्टर कंट्रोल रूम) का अवलोकन किया तथा यह जाना कि किस प्रकार एक समाचार की परिकल्पना से लेकर उसके लाइव प्रसारण तक अनेक विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हैं।

इस अवसर पर सीनियर ग्राफिक डिज़ाइनर जगदीश चंद्र ने विद्यार्थियों को न्यूज़ ग्राफिक्स, ऑन-एयर विजुअल्स और टेलीविजन ब्रांडिंग में ग्राफिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी। न्यूज़ एडिटर सोनल भारद्वाज ने न्यूज़ चयन, संपादन प्रक्रिया और न्यूज़रूम के वर्कफ़्लो को समझाया। पैनल प्रोड्यूसर सोनू कुमार ने लाइव बुलेटिन संचालन, पीसीआर की कार्यप्रणाली तथा मल्टी-कैमरा प्रोडक्शन की तकनीकी बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। एचआर निकी श्रीवास्तव ने मीडिया उद्योग में करियर के अवसर, आवश्यक कौशल एवं प्रोफेशनल एटीट्यूड पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने एशियन न्यूज़, रायपुर का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें लाइव न्यूज़ प्रोडक्शन की वास्तविक प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला।

**शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक विकास के लिए छह सूत्रीय पहल**

# डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने लांच किया एआई मिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बदलते तकनीकी परिवेश और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने एआई मिशन का शुभारंभ किया है। इसके तहत शिक्षा, शोध, प्रशासन, नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक विकास के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के व्यापक उपयोग और समावेशन की दिशा में छह महत्वपूर्ण पहल की गई हैं।






अधिकांश योजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है। विश्वविद्यालय परिसर को एआई सक्षम परिसर के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं, उपकरणों और शैक्षणिक संसाधनों का डिजिटल उन्नयन कर विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य उन्हें उद्योगों की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप दक्ष बनाना है। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि एआई अब केवल तकनीक नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुसंधान, उद्योग और रोजगार का नया आधार बन चुकी है। विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और नवाचार के वातावरण को एआई आधारित बनाने की दिशा में काम कर रहा है। शोध और अकादमिक लेखन में एआई के नियंत्रित उपयोग के लिए विवि प्रभावी एआई पॉलिसी भी तैयार करेगा। शिक्षकों को नियमित एआई प्रशिक्षण और संकाय विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में एआई आधारित अध्ययन सामग्री और विषयों को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। । इस अवसर पर बिलासा कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इजर कमलेश और शबरी माता महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य के.के. भंडारी मौजूद रहे।

24 JULY -BSP- pg-6_Layout 1 7/25/2026 12:33 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सोलर से चलेगा पंप और लिफ्ट

**बिलासपुर।** स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने बिजली कंपनी ने चंद्रा पार्क अपार्टमेंट बृहस्पति बाजार में सोलर पैनल की स्थापना की है। 10 किलो वाट की क्षमता के साथ स्थापित किए गए पैनल से लिफ्ट,पंप एवं स्ट्रीट लाइट तक विद्युत सप्लाई हो सकेगी। सोलर प्लांट के माध्यम से सोसाइटी की साझा विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। कॉमन एरिया के बिजली बिल में भी उल्लेखनीय बचत होगी। कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष विठ्ठलकर, रेखा अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल तथा ईई पीवीएस राजकुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सेवा सेतु से 7 दिनों के भीतर बना प्रमाण पत्र

**बिलासपुर।** सरकारी प्रमाण पत्रों और सेवाओं के लिए उपयोग होने वाले सेवा सेतु पोर्टल का फायदा आम लोगों को मिलने लगा है। महज 7 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे शासकीय निकायों की विश्वसनीयता और दस्तावेजों की प्रमाणिकता सिद्ध हो रही है। बताया जा रहा है कि जरहभाठा निवासी आर्दश पवॉर पेशे से वकील हैं, उन्होंने 6 जुलाई को पत्नी अल्का पवॉर के आय व निवास प्रमाण पत्र के लिए तहसील कार्यालय स्थित सेवा सेतु कार्यालय में आवेदन किया। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन की गई थी, और महज 6 दिनों के अंदर ही उन्हें 12 जुलाई को आय व निवास प्रमाण पत्र सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो चुका है। इस बारे में ईडीएम अफताब अहमद ने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल लोगों की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाया गया है, जिसमें पूर्व के पोर्टल के अलावा नवीन 230 से अधिक सेवाओं को जोड़ा गया है। वर्तमान में 30 सरकारी विभाग और 455 सेवाओं के साथ पोर्टल कार्यरत है, जिससे फायदा आम जनों को हो रहा है।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**बिलासपुर।** खेत में काम के दौरान ट्यूबवेल चालू करने गया 22 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौत हो गई है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के गतौरी गांव की है। कोनी पुलिस के अनुसार गतौरी निवासी विनय सिंह ठाकुर पिता लीलू सिंह ठाकुर उम्र 22 वर्ष रोज की तरह अपने खेत गया था। इस दौरान परिजन भी उसके साथ थे लेकिन सभी अपने खेतों में काम करने चले गए। वहीं विनय खेत में काम करने के दौरान ट्यूबवेल चालू करने के लिए रूम में गया, लेकिन इस दौरान बिजली तार के चपेट में आने कारण वह चिपक गया। परिजनों ने उसके मोबाइल पर फोन किया लेकिन रिस्पांस नहीं मिलने पर खेत पहुंच गए। इस दौरान विनय बिजली के कारण झुलसने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी है, पुलिस ने पंचनामा कर पीएम कराया है। मृतक विनय सिंह, पत्रकार मदन सिंह के भतीजे है। हाल ही में उनके पिता व शिवसेना के पदाधिकारी लीलू सिंह ठाकुर का निधन हो गया था।



### एनएच में हादसा, चालक सहित दो घायल

**बिलासपुर।** नेशनल हाईवे में हुए हादसे में चालक समेत दो लोगों को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों घायल को सिम्स में भर्ती कराया है। घटना गुरूवार रात की है। जहां रांची से माल लेकर हैदराबाद जा रही ट्रक हादसे का शिकार हो गई है। ट्रक चालक कबीर को नींद की झपकी आने के बाद नेशनल हाईवे पर खड़ी ट्रक से एक्सीडेंट हो गया। जबरदस्त टक्कर से चालक व परिचालक घायल हो गए। इस दौरान आसपास के लोगों ने सकरी थाने में सुचना दी, जिसके बाद दोनों घायलों को सिम्स में भर्ती कराया गया है, डाक्टरों के अनुसार चालक कबीर और परिचाल सुखिया के हाथ और सिर में चोट आई है।





समितियों में करवाया जा रहा एग्रीस्टेक पंजीयन

कलेक्टर के आदेश में लिखा पंजीकृत किसान को पंजीयन की जरूरत नहीं

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पंजीयन के लिए जारी आदेश में दोहरा मापदंड



**बिलासपुर।** धान बेचने से पहले कराए जाने वाले एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा 22 जुलाई को जारी आदेश में एग्रीस्टेक पंजीकृत हो चुके किसानों को इस साल पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होने की बात लिखी गई है। जबकि सहकारी समितियों में खाते में शामिल प्रत्येक किसान को अनिवार्य रूप से एग्रीस्टेक पंजीयन कराने को कहा जा रहा है। पंजीयन के लिए दो तरह की व्यवस्थाएं किसानों को भ्रमित कर रही हैं।

धान खरीदी का मामला बीते कुछ वर्षों से प्रदेश में लगातार हाईटेक व किसानों को भ्रमित करने वाला रहा है। अभी भी एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर जारी आदेश किसानों को भ्रमित करने वाला ही है। इस साल समितियों में अपना धान बेचने के लिए खाते में शामिल प्रत्येक किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन करवाना जरूरी होने की बात कही जा रही है। समितियों में यह कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है। इसके ठीक विपरीत कलेक्टर द्वारा 22 जुलाई को जारी आदेश के बिंदु क्रमांक 7 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है कि ऐसे कृषक जिनके द्वारा विगत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया था, एवं जिनके पास एग्रीस्टेक फार्मर आईडी एवं किसान कोड उपलब्ध थे, उन्हें पृथक से कोई नवीन पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे में किसानों के सामने यह दुविधा है कि वे कलेक्टर द्वारा जारी इस आदेश को मानें या फिर सहकारी समितियों के कहे अनुसार सारे हिस्सेदारों का एग्रीस्टेक पंजीयन करावें?

### सारे हिस्सेदारों का पंजीयन नहीं, तो नहीं बिकेगा धान?

सहकारी समिति आपरेटर संघ के जिला महासचिव रूद्र दत्त तिवारी ने बताया कि शामिल खाते में दर्ज सारे किसानों को समितियों, चॉइस सेंटरों या अपने मोबाईल फोन के जरिए एग्रीस्टेक पोर्टल में अलग-अलग पंजीयन कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में इस साल संबंधित किसान द्वारा अपना धान समर्थन मूल्य पर नहीं बेचा जा सकेगा।

### कलेक्टर के आदेश में इस बिंदु का उल्लेख क्यों नहीं?

सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अगर इस साल खाते में शामिल प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत होने संबंधी आदेश जारी किया है, तो जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में इस बात का उल्लेख क्यों नहीं है। अगर आदेश में इस बात का उल्लेख किया गया होता तो न केवल किसानों के बीच, बल्कि सहकारी समितियों में भी यह विषय एकदम क्लियर होता।

### पंजीयन कराना होगा

खातों में शामिल प्रत्येक किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन करवाना होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने की स्थिति में संबंधित किसान समर्थन मूल्य पर अपना धान समितियों में बेच सकेंगे या नहीं? यह शासन स्तर का मामला है, लेकिन फिलहाल पर्ची में शामिल प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पंजीयन वाली व्यवस्था लागू है।

-**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### पंजीयन अनिवार्य है

शामिल खातों में दर्ज प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाना है। इस संबंध में एक आदेश पृथ्क से जारी किया जा चुका है। जिस पर काम किया जा रहा है।

-**संजय अग्रवाल**, कलेक्टर बिलासपुर

महापौर ने भवन शाखा के अधिकारी को फटकारा, सस्पेंड होना है क्या

# एमआईसी मेंबर ने कहा- निगम के सभी इंजीनियर नालायक और मक्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम की शुक्रवार को हुई एमआसी की बैठक एक बार फिर हंगामेदार रही। एमआईसी सदस्य बंधु मौर्य ने निगम के सभी इंजीनियरों को नालायक और मक्कार कह दिया और बोले के शहरवासी परेशान हैं, लेकिन एक भी अधिकारी शहर में बन रही नाली और सड़क के निरीक्षण के लिए साइट पर नहीं जाते। ठेकेदारों से मिलीभगत करते हुए गुणवत्ताहीन काम कराया जा रहा है। इसके अलावा महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने भवन शाखा के इंजीनियर जुगल सिंह को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर चंद्रिका होटल के पीछे बिना अनुमति ब्लिंकिट का आफिस कैसे खुल गया, सस्पेंड होना है क्या।

- निगम में हुई एमआसी की बैठक एक बार फिर हंगामेदार रही

निगम की मेयर इन कौंसिल की बैठक शुक्रवार को दृष्टि सभा कक्ष में हुई। बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें तय किया गया कि सेंट्रल किचन चलाने वाली संस्था का अनुबंध एक साल के लिए और बढ़ाया जाएगा। इसमें बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 128 स्कूल हैं। इसमें 18 हजार बच्चों को सेंट्रल किचन के माध्यम से मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की जाती है। इस पहल स्वयं सेवी संस्था का अनुबंध शैक्षणिक सत्र 16 जून 2026 से 30 अप्रैल 2027 तक एक साल के लिए बढाया गया है। वर्ष का कार्य अनुबंध बढ़ाया जा सकता है। तदनुसार प्रकरण एम.आई. सी. के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।



बैठक में उपस्थित महापौर व अन्य।

### 40 करोड़ की सड़क और नाली के कार्यों को मंजूरी

इसके अलावा करीब 40 करोड़ रुपए के सड़क और नाली के कार्यों को भी मंजूरी दी गई। साथ ही वार्ड क्रमांक 15 से 22 में ठेके माध्यम से सफाई कराई जाएगी। साथ ही जोन क्रमांक 07 एवं सेन्ट्रल जोन (जोन क्र 03,04,05) में नाली से गुजरी पाइप लाइन के चिन्हांकित स्थलों पर नवीन पाइप लाइन विस्तार एवं नवीन विस्तारित पाइप लाइन में इन्टरकनेक्शन का कार्य हेतु 2 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। इसका प्रस्ताव बनाकर अधोसंरचना मद से मांग हेतु राज्य शासन की ओर भेजा गया है।

### ठेका कंपनी को एक करोड़ देने पर हंगामा

बैठक में भिलाई की कंपनी को मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को एक करोड़ 24 लाख रुपए ब्याज की राशि देने पर जमकर हंगामा मचा। एमआईसी मेंबरों ने कहा कि यह निगम के अधिकारियों की लापरवाही और ठेका कंपनी से मिलीभगत है। इसी कारण अशोक नगर में पीएम आवास बनाने में देरी हुई और ठेकेदार को राशि वापस करने की नौबत आई। चीफ इंजीनियर एसपी साहू ने इस पर कहा कि ठेका कंपनी के फेवर में सुप्रीमकोर्ट का आदेश है इसलिए भुगतान करना ही होगा। दरअसल मार्च 2017 में अशोक नगर में 1232 आवास (जी3) बनाने का ठेका मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को दिया गया था। कुल 62 करोड़ का यह काम 24 महीने में पूरा करना था। यह काम लेकिन मई में पूरा हुआ। इसके बाद सिक्यूरिटी डिपोजिट, तथा परफॉर्मेस गारंटी मिलाकर कुल 4 करोड़ 92 लाख 72 हजार ठेकेदार को वापस कर दिया गया। ठेकेदार ने लेकिन देर से राशि वापसी पर 6 प्रतिशत ब्याज मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने कुल एक करोड़ 24.24,108 रुपए राशि देने का आदेश दिया है।

# जागा प्रशासन: मलेरिया प्रभावित गांवों का कलेक्टर ने किया दौरा, जांच जारी

औरापानी, नवाडीह, मझगांव उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में मलेरिया के मरीज मिलने का दौर जारी है, शुक्रवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रभावित गांव का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी शामिल थे। इस दौरान एक अन्य मरीज के मिलने की पुष्टि हो चुकी है। खास बात यह है कि दो दिन से लगातार मिल रहे मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी है।

हर साल की तरह इस साल भी कोटा क्षेत्र में मलेरिया ने दस्तक दे दी है। अबतक 4 लोगों की मलेरिया पाजिटीव रिपोर्ट सामने आई है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने 273 लोगों की स्वास्थ्य जांच की है। जिसमें 273 लोगों शामिल थे। बताया जा रहा है कि जहां गुरूवार को एक ही घर के 3 बच्चे मलेरिया से पीड़ित थे, वहीं शुक्रवार को नवाडीह के 24 वर्षीय अजय यादव की रिपोर्ट भी मलेरिया पाजिटीव पाई गई है। जिले में मलेरिया की रोकथाम, समय पर उपचार का जायजा लेने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को विकासखंड कोटा का दौरा किया। इस दौरान मलेरिया प्रभावित ग्राम औरापानी, नवाडीह, मझगांव तथा उप स्वास्थ्य केंद्र मझगांव का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य व नियमित स्वास्थ्य निगरानी को प्राथमिकता देने की बात कही। ज्ञात हो कि पिछले छह सालों से लगातार कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीज मिल रहे हैं। इस दौरान विभाग द्वारा बांटी जाने वाली मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरित नहीं किए गए हैं।



एनआरसी में बैठे कलेक्टर, सीएमएचओ व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी।

### सिम्स में जारी है इलाज

जानकारी के अनुसार ग्राम औरापानी में प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम (पीएफ) मलेरिया के तीन तथा नवाडीह में एक संक्रमित मिल चुका है। प्राथमिक उपचार कर सभी को सिम्स रेफर किया गया है। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र मझगांव पहुंचकर भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और चिकित्सकों को प्रभावित क्षेत्रों में सघन सर्वे, समय पर जांच तथा उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम मझगांव एवं औरापानी के स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक एवं संतुलित आहार, विशेषकर स्थानीय पोषणयुक्त भोजन दिलाने पर जोर दिया। बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) रतनपुर ले जाने के निर्देश दिए। खास बात यह है कि मलेरिया के मरीज मिलने के बाद लगातार स्वास्थ्य कैंप लगाए जा रहे है।

# धारदार हथियार से युवक पर हमला, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोतवाली क्षेत्र के दयालबंद में शराब पीने के लिए रुपये मांगने का विरोध करना एक सब्जी विक्रेता और उसकी मां को महंगा पड़ गया। रुपये देने से इनकार करने पर दो युवकों ने पहले गाली-गलौज की, फिर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची पीड़ित की मां को भी धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गई। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के दयालबंद नारियल कोठी में रहने वाले अंकित रजक(25) बुधवारी बाजार में सब्जी बेचने का काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार की शाम करीब 6 बजे उसके घर के सामने शुभम बैस और संतोष यादव उर्फ तना यादव का भुवनेश्वर साहू से विवाद हो रहा था। अंकित ने दोनों को झगड़ा करने से मना किया। इस पर दोनों युवक उसके पास पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। उसने पैसे देने से मना कर दिया, इसके बाद युवक भड़क गए। युवकों ने पहले उससे गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।



- विवाद शांत कराने पहुंचा था युवक

शुभम बैस ने अपने हाथ में रखी नुकीली चाकूनुमा हथियार से हमला कर दिया , मारपीट में अंकित के बाएं हाथ की कलाई और पंजे के अलावा दाहिने पैर में चोट आई। मारपीट और शोर-शराबे की आवाज सुनकर अंकित की भाभी कलावती ने उसकी मां दमयंतीन बाई को सूचना दी। इसके बाद दमयंतीन बाई मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच बचाव करने लगीं। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गईं और उनके दाहिने पैर में चोट लग गई। घायल ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सांड के हमले में महिला घायल, सिम्स में भर्ती



**बिलासपुर।** उस्लापुर से नेवरा के लिए घर से निकली महिला सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उसे सिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार उस्लापुर आनंद नगर निवासी डोमेश्वरी श्रीवास नेवरा शासकीय स्कूल में प्यून के पद पर कार्य करती है। शुक्रवार की स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, इस दौरान नेवरा सड़क पर दो सांड की भिड़ंत हो रही थी, महिला ने उनसे बचने की कोशिश की लेकिन सामने आ रही आटो को देखते हुए गाड़ी रोक दी, इस दौरान सांड के हमले से वह बुरी तरह से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी और महिला को सिम्स में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि सिर में गंभीर चोट लगी है। खासबात यह है कि बारिश के कारण सड़कों पर मवेशियों का जमघट लगा रहता है लेकिन मवेशियों को हटाने के लिए प्रशासन के पास कोई ठोस परियोजना नहीं है जिसके कारण सड़क लोग चोटिल हो रहे हैं। तखतपुर, कोटा, नेशनल हाइवे, सीपत, मस्तूरी जैसे आउटर क्षेत्र में सड़क पर ही मवेशी बैठक दिखाई देते हैं।

# रेलवे में रिक्त पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया

**बिलासपुर।** रेलवे में डेढ़ लाख से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, जिससे एसईसीआर जोन के तीनों डिवीजन में कर्मचारियों की कमी पूरी होगी। इसके साथ ही रेल प्रशासन ने 12 साल के दौरान 5.56 लाख से अधिक बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया है, जिसमें 25 हजार से अधिक कर्मचारी एसईसीआर को मिले हैं।

- जोन मुख्यालय में कर्मचारियों की कमी होगी दूर

रेलवे में प्रतिमाह सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिसके कारण दूसरे कर्मचारियों पर काम का अधिक बोझ पड़ रहा है। रेल प्रशासन सबसे अधिक भर्ती सुरक्षा विभाग में करती है, जिसमें सहायक लोको पायलट, ट्रैक मेंटेनेर के पद अधिक होते हैं। रेलवे के अनुसार वर्तमान की व्यवस्था में सुधार के लिए ग्रुप सी के पदों की विभिन्न श्रेणियों में भर्ती करने 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की प्रणाली शुरु की है। गैर राजपत्रित कर्मियों के 1 लाख 61 हजार 889 रिक्त पदों की भर्ती वर्ष 2024, 2025 और 2026 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार की जारही है। जनवरी से दिसम्बर 2024 के दौरान सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, सब इंस्पेक्टर, रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ में कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर, डिपो मटेरियल सुपरिटेंडेंट, केमिकल एंड मेटालर्जिकल असिस्टेंट, पैरामेडिकल श्रेणियां, गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियां, गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियां, मंत्रस्तरीय और पृथक श्रेणियां व लेवल 1 श्रेणियों जैसे सहायक, ट्रेक मेंटेनर और पाइंट्समैन के पदों को भरने के लिए 92116 रिक्तियों के लिए दस केन्द्रीयकृत रोजगार अधिसूचनाएं अधिसूचित की गई है। इसमें 92116 पदों के लिए प्रथम चरण कम्प्यूटर आधारित परीक्षा पूरी हो चुकी है।

वहीं वर्ष 2026-27 के दौरान तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरामेडिकल श्रेणी, मंत्रिस्तरीय और पृथक श्रेणी तथा सहायक लोको पायलट सहित विभिन्न पदों लिए 3300 से अधिक उम्मीदवारां के पैनल को अंतिम रूप दिया गया है, जिसमें से अधिकांश पद सुरक्षा श्रेणियों से है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार 51970 रिक्तियों के लिए 9 केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गई है।

फर्जी सर्पदंश बताकर मुआवजे का मामला

# तत्कालीन थाना प्रभारी, पटवारी विवेचना अधिकारी से होगी पूछताछ

**बिलासपुर।** फर्जी सर्पदंश के मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी, पटवारी, विवेचक अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी। उस दौरान मर्ग डायरी फाइल के दौरान उनके जांच में क्या पाया गया था।

फर्जी सर्पदंश के मामले मास्टर माइंड 3 वकील, 1 महिला डाक्टर, तहसील आफिस के तीन बाबू, एक ड्राइवर, 2 नगर सैनिक, परिजन, गवाह सहित करीब 19 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। लगातार पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा मामले की समीक्षा की जा रही है। फर्जी दस्तावेज के सहारे शासन को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने पर और कौन कौन शामिल है। आला अफसरों के द्वारा जांच टीम को तत्कालीन थाना प्रभारी, विवेचक, घटनास्थल पर नक्शा तैयार करने वाले तत्कालीन पटवारी से पूछताछ कर बयान दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

### युवक की फांसी पर लटकी मिली लाश

**बिलासपुर।** पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम खपरी में रहने वाले 19 साल के युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली है। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम खपरी में रहने वाले आनंद कुमार ध्रुव(19) रोजी मजदूरी करता था। गुरुवार की शाम वे घर से निकले था इसके बाद वे घर नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह उनका शव गांव के नाले के पास फांसी के फंदे पर लटकता मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने स्वजन और गांव के लोगों से पूछताछ की है। इसमें घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। आगे की जांच के बाद घटना का कारण स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# मार्कफेड के गोदामों में किसानों का इंतजार कर रहा 13 सौ मीट्रिक टन डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीएपी के लिए हर साल होने वाली मारामारी इस साल फिलहाल कम नजर आ रही है। जिले की सहकारी समितियों को अब तक पांच हजार मीट्रिक टन डीएपी जारी किया जा चुका है, वहीं 13 सौ मीट्रिक टन अब भी किसानों के इंतजार में मार्कफेड के गोदामों में डंप है।

- पांच हजार मीट्रिक टन डीएपी जारी

खरीफ सीजन में धान की बोनी के पहले ही डीएपी खाद के लिए किसानों के बीच होने वाली मारामारी फिलहाल इस साल नजर नहीं आ रही है। सहकारी समितियों में उपलब्ध सभी किस्मों का अपनी जरूरतों के मुताबिक किसानों ने उठाव कर लिया है,वहीं जिन किसानों के द्वारा अब तक खाद का उठाव नहीं किया गया है, उनके लिए सहकारी समितियों एवं मार्कफेड के गोदामों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। मार्कफेड से मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस साल अब तक डीएपी की आठ रैक उतर चुकी है। इसके अंतर्गत जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को अब तक पांच हजार मीट्रिक टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है, जबकि मार्कफेड के गोदामों में अब भी 13 सौ मीट्रिक टन डीएपी स्टॉक में उपलब्ध है।



मार्कफेड के अनुसार इस साल खाद की कमी के चलते किसानों को किसी भी तरह से परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### खाद की कमी नहीं है

आठ रैक डीएपी आ चुका है। इसके अंतर्गत पांच हजार मीट्रिक टन डीएपी किसानों के लिए सहकारी समितियों को जारी किया जा चुका है, वहीं 13 सौ मीट्रिक टन अब भी मार्कफेड के गोदामों में रखा हुआ है। डीएपी सहित किसी भी तरह की खाद की मारामारी संबंधी कोई शिकायत नहीं है।

-**उपेंद्र कुमार**
डीएमओ बिलासपुर



24-july-REGIONAL-pg-3-ALTOR_Layout 1 7/25/2026 12:14 AM Page 1



### विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव, नपा के एल्डरमैन को दिलाई शपथ

# एल्डरमैन विकास में निभाएंगे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने कबीर भवन में आयोजित नगर पालिका के नवनियुक्त एल्डरमैन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने एल्डरमेन नितेश अग्रवाल मिंटू, अमिताभ तिवारी, अशोक साहू, , विनोद सिंह राजपूत, दुष्यंत खत्री को एसडीएम अजित पुजारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।श्री साव ने कहा कि एल्डरमेन का दायित्व सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और पूरी ईमानदारी व समर्पण के साथ नगर के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि, पांचों मनोनीत एल्डरमेन प्रतिभाशाली हैं। नगर पालिका में 18 पार्षद हैं, अब कुल 23 जनप्रतिनिधियों की टीम विकास के लिए काम करेंगी। नगर में सभी मूलभूत आवश्यकताओं की स्वीकृति कर दी गई है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत



वर्मा , राधेश्याम अग्रवाल, ताराचंद गोयल, प्रमोद गोयल, पवन अग्रवाल, श्याम सुंदर गोयल, पवन गोयल, राकेश गोयल, सुशील गोयल, प्रदीप गोयल, संजय अग्रवाल, विनोद गोयल ,मुरारी गोयल, विजय गोयल, सुमित गोयल, अमित गोयल, निखिल गोयल, नितिन,नवीन,पीयूष, निरंजन अग्रवाल एवं सभी पीआईसी सदस्य, पार्षद, कोमल गिरी गोस्वामी, धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, दिनेश साहू, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा, रवि शर्मा, समुंद चंद्राम, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज ठाकुर, दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सावित्री राजपूत, संतोष साहू, रामअवतार राजपूत, राकेश दुबे, संदीप सोनी, विजय जायसवाल, जवाहर दिवाकर, पवन अग्रवाल, अनिल दास, लल्ला सिंह ठाकुर, राकेश ठाबड़ा, नितेश पाठक, अरुण कश्यप, ओंकार खत्री, संजय राजपूत, सरोज उपाध्याय, राजेश साहू, मनोज जायसवाल, बनवारीलाल अग्रवाल, अशोक शर्मा, राजेंद्र तिवारी, तितरा सिंह राजपूत, शंकर खत्री, संतोष मिश्र और अन्य नगरवासी उपस्थित रहे।

## बहुड़ा यात्रा में हुए शामिल

उप मुख्यमंत्री अरुण साव शुक्रवार को नगर में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की बहुड़ा यात्रा में शामिल हुए। मौसी घर (गुंडिचा मंदिर) से भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की वापसी यात्रा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री साव ने विधि-



विधान के साथ भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु को रथ पर विराजमान किया। उन्होंने श्रद्धाभाव से रथ खींचकर प्रभु के श्रीचरणों में नमन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री साव ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का पावन प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु से समस्त छत्तीसगढ़वासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने प्रदेश में शांति, प्रगति और जनकल्याण की कामना करते हुए कहा कि प्रभु की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे।

## वृक्ष मित्र वाहन को किया रवाना

पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान 3.0 का शुभारंभ लोरमी विकासखण्ड के ग्राम बैगाकापा में किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कल्पवृक्ष रोपित कर पर्यावर संरक्षण का सन्देश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल परिसर में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय हाई स्कूल बैगाकापा के विद्यार्थियों एवं पर्यावरण स्वयंसेवकों ने सीड बॉल (बीज गेंद) निर्माण का प्रदर्शन किया तथा इसके महत्व की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए 'वृक्ष मित्र वाहन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन गांवों-शहरों में जाकर नीबू, मुनगा, बिही, जामुन आदि के पौधे वितरित कर नागरिकों को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## आत्मानंद स्कूल में साइकिल वितरित

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता धनी राम यादव, गुरमीत सलूजा, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष, महामंत्री, नपा के सभापति विश्वास दुबे, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल,



तामेश्वर साहू, नरेंद्र खत्री, कमलेश श्रीवास, मुकुल तिवारी, बीईओ मनीषा पाटले, संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल की उपस्थिति में 47 छात्राओं को साइकिल प्रदान की। कार्यक्रम में बीआर चेलक, सीपी साहू, अंशिका त्रिपाठी, मिथिलेश्वरी साहू, वैभव आनंद, अंकिता जॉन्सन, कंचन कर्माकर, ममता कौशिक, मोनिका कौशिक, गरिमा पाठक, माहेश्वरी पात्र, विजय विश्वकर्मा, दिशान जेकब, आनंद गुप्ता, निधि नायक, शिफाली सोनी, मुस्कान यादव अमर सोनवानी, संगीता साहू, मोलश्री उपाध्याय, भूपेंद्र पोर्टे आदि मौजूद थे।

# जिले के 9 गौधामों को प्रशासनिक हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुंगेली जिले में गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले के 9 गौधामों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन के इस निर्णय से जिले में निराश्रित एवं गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए मजबूत आधारभूत व्यवस्था विकसित होगी तथा गौधामों का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

- जिले के 9 गौधामों को प्रशासनिक हरी झंडी
- शेड, फेंसिंग और पेयजल की व्यवस्था होगी अनिवार्य

शासन द्वारा विकासखंड मुंगेली के संबलपुर, धरमपुरा, लिम्हा, छतौना, लोहड़िया, भूसुंडी एवं पंडरभट्ठा, विकासखंड पथरिया के नगर पंचायत सरगांव तथा विकासखंड लोरमी के झझपुरीकला स्थित गौधामों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग ने सभी संबंधित गौधाम संचालन समितियों को निर्देशित किया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ 28 जुलाई तक आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करें। शासन के निर्देशानुसार गौवंश के विस्थापन से पूर्व सभी गौधामों में पर्याप्त पशु शेड, पेयजल, विद्युत, फेंसिंग सहित आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। गौधामों के पंजीयन हेतु संचालन समितियों को संबंधित ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र, 25 हजार रुपये के डिमांड ड्राफ्ट एवं 50 रुपये के स्टाम्प पर अनुबंध पत्र, एक हजार रुपये का पंजीयन शुल्क, तथा स्थानीय पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ द्वारा सत्यापित रंगीन फोटोग्राफ एवं उपलब्ध सुविधाओं का विवरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। यदि गौधाम में वर्तमान में गोवंश संरक्षित हैं, तो उनकी संख्या का विवरण भी देना अनिवार्य होगा।

## लोगों के जीवन को नई दिशा देने के साथ राष्ट्र निर्माण की नींव रखती है शिक्षा



**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं के 46 छात्रओं को प्राचार्या पूर्णिमा मिश्रा, सरपंच ग्राम पंचायत नागोपहरी प्रशांत मसीह, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नेम सिंह बोगी, शाला प्रबंधन समिति सदस्य नरेंद्र जायसवाल, मुकेश मसीह के हाथों साइकिल वितरण किया गया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है, शिक्षा लोगों के जीवन को नई दिशा देने के साथ साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में मजबूत नींव रखती है। सरपंच प्रशांत मसीह ने निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि स्कूल में दूर दूराज के गांवों से विद्यार्जन करने आते हैं। उन्हें अब स्कूल आवागमन करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। नेम सिंह बोगी ने कहा कि इस योजना से बालिकाओं को स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर पीके घिर्रे, कमलेश भास्कर, नरेंद्र काठले, रामबाबू मिश्र, पीके अनंत, नीलिमा किरण मिंज, महेश्वरी साहू, ऐश्वर्या यादव, सोमिना, सुखचंद पाटले, झरोखा लाल मिरि, देवेंद्र पटेल, टीकाराम अंचल मौजूद रहे।

## छात्राओं के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही साय सरकार



**तखतपुर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, जरौंधा में सरस्वती साइकिल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलों का वितरण किया गया तथा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं विद्यार्थियों के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सरपंच नंदराम मरावी, पुनऊराम साहू, त्रिवेणी विश्वकर्मा, खानु पांडे, दिनेश पांडे, शारदा साहू, गंगा चौहान, फेकूराम ध्रुव, राम अवतार केवट, संतराम बांदले, किशोर सूर्यवंशी, संकुल समन्वयक सुशील साहू, प्राचार्य अल्का गांगुली, सुयोग पटेल, मीनू अग्रहरि सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सिपाही में कार्यकर्ता भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**मुंगेली।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 सिपाही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। इस संबंध में आवश्यक सूचना जारी की गई है। उन्होंने संबंधित अभ्यर्थियों से इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त मानते हुए विभाग द्वारा भविष्य में जारी होने वाली नई सूचना एवं निर्देशों का पालन करने कहा है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसियों ने राहुल के समर्थन में बस स्टैंड पर दिया धरना



**सेतगंगा/मुंगेली।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के गिरफ्तारी के विरोध में और छात्र समुदाय के समर्थन में जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के मार्गदर्शन में ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रघुराज सिंह श्रीनेत और मंडल अध्यक्ष सेतगंगा टेकलाल सोनवानी की उपस्थिति में अस्थाई बस स्टैण्ड फास्टरपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिले के पूर्व अध्यक्ष पिछला वर्ग आयोग थानेश्वर साहू, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा संजीत बनर्जी, पूर्व विधायक मुंगेली चंद्रभान बारमते, मंडल अध्यक्ष सेतगंगा टेकलाल सोनवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिष सेमुएल मसीह, विष्णु जायसवाल, भूपेन्द्र साहू, राजेन्द्र यादव, सोनू सिंह ठाकुर, तुलसी गबेल, रामभरोस साहू, रूपदास चर्तुवेदी, हीरादास जांगडे, शिवराज सिंह ठाकुर, ओंकार भास्कर, मोनू भास्कर, कृष्णा यादव, राजू जांगडे सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाल कैबिनेट के सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**जरहागांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झझपुरी खुर्द में बाल नेतृत्व, लोकतांत्रिक परंपराओं और सहभागितापूर्ण शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट एवं शाला प्रबंधन समिति के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विमित्रा घृतलहरे तथा विकासखंड स्रोत समन्वयक उपाध्याय की उपस्थिति रही। अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं समिति सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए उन्हें कर्तव्यों के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प दिलाया। शाला प्रबंधन समिति के गठन में भोलाराम यादव अध्यक्ष तथा मुकेश जायसवाल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। समिति के सदस्य के रूप में साक्षी शुभम क्षत्रिय, बालमुकुंद कश्यप, रानी यादव, लक्ष्मी साहू, सोहानी साहू, धनेश्वरी साहू, ललिता साहू, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, नवल किशोर, शंकर साहू, दुल्हा कर्माकर, महेंद्र साहू, दीनू साहू, किशन यादव, ज्योति श्रीवास, विजेन्द्र पाल, तिरता साहू एवं ज्वाला प्रसाद कश्यप का चयन किया गया।

### शिवपुर आश्रम में लगा जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला



**मुंगेली।** आयुष विभाग द्वारा शिवपुर आश्रम में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों को आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य जांच एवं औषधि वितरण के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य मेले में 45 लोगों की मधुमेह (ब्लड शुगर) जांच तथा 68 लोगों के उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) की जांच की गई। जांच के उपरांत आवश्यकतानुसार मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक औषधियों के साथ आयुष काढ़ा का भी निःशुल्क वितरण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ यामिनी शर्मा ने बताया कि शिविर में उपस्थित लोगों को ऋतु अनुसार स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित आहार, योग एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि आयुष पद्धति के माध्यम से अनेक सामान्य एवं दीर्घकालिक रोगों की प्रभावी रोकथाम एवं उपचार संभव है।

# धरम ने धमनी स्कूल में 25 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने हाई स्कूल ककेड़ी एवं हाई स्कूल धमनी में 45, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बावली एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मर्राकोना में 92 छात्राओं को साइकिलें भेंट कीं।

श्री कौशिक ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति की नींव है। बेटियां यदि दृढ़ निश्चय और मेहनत के साथ पढ़ाई करें तो वे हर क्षेत्र में नाम रोशन कर सकती हैं। अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहें, कठिनाइयों से घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से अब दूर-दराज से आने वाली बालिकाओं को स्कूल पहुंचने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी। इससे ड्रॉपआउट दर भी कम होगी और शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा



और उनके सपनों को पंख देने की दिशा में साइकिल वितरण जैसे प्रयास निश्चित रूप से उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर कैलाश ठाकुर, अम्बालिका साहू, दीपिका कौशिक, पंकज वर्मा, अनिल दुबे, रिजवान हक़ सहित प्रमुख कार्यकर्ता, प्रतिभा मंडलोई, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### पौधरोपण के लिए लोगों को किया प्रेरित

कार्यक्रम के दौरान श्री कौशिक ने हाई स्कूल धमनी में लगभग 25 लाख की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी अपने करकमलों से संपन्न किया। इन कार्यों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, शौचालय, पेयजल और खेल मैदान का विकास शामिल है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए श्री कौशिक ने धमनी, बावली और मर्राकोना स्कूल परिसरों में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि हर छात्र को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए, तभी हम स्वच्छ और हरित भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के साथ न्यौता भोज में सम्मिलित होकर श्री कौशिक ने आत्मीयता के साथ संवाद किया।

## स्थापना दिवस पर छात्रावास अधीक्षकों ने किया रक्तदान

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ के स्थापना दिवस पर जिला इकाई गौरेला-पेंड्रा-मरवाही द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिला चिकित्सालय गौरेला के ब्लड सेंटर में आयोजित अभियान में प्रदेश अध्यक्ष उदेश सिंह तोमर सहित कुल 10 छात्रावास अधीक्षकों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। छात्रावास अधीक्षकों के सामूहिक प्रयास से ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध हुआ, जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सकेगा। रक्तदान करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष उदेश सिंह तोमर, सौरभ दुबे, अजित यादव, मोहम्मद हमीद, इमरान अंसारी, राहुल तम्बोली, बृजेश सिंह, अतुल सिंह एवं मुकेश सिंह ठाकुर सहित कुल 10 छात्रावास अधीक्षकों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र पैकरा ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। रक्तदान के उपरांत संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला चिकित्सालय के महिला एवं शिशु वार्ड में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



संघ के जिला अध्यक्ष प्रीतु राज सिंह बिसेन ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम क्रमबद्ध रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में 29 जुलाई बुधवार को बैगा बसाहट क्षेत्र स्थित बालक आश्रम, देवरगांव में विद्यार्थियों के लिए विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पानी की बोतल, स्पोर्ट्स किट एवं ट्रैक सूट वितरित किए जाएंगे।

## छात्रवास अधीक्षक संघ ने मनाया स्थापना दिवस, रोपे गए पौधे

**मुंगेली।** राज्य स्तरीय छात्रवास अधीक्षक संघ मुंगेली इकाई द्वारा शुक्रवार को संघ का 10वां स्थापना दिवस रामगढ़ स्थित छात्रवास में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग शिवकुमार बांधे, संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र निर्मलकर तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती पूजन कर किया। स्थापना दिवस के



अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों एवं छात्रवास अधीक्षक साथियों ने छात्रवास परिसर में पौधरोपण किया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान छात्रओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त ने कहा कि छात्रवास अधीक्षक विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र निर्मलकर ने कहा कि एकजुटता हमारी पहचान, सेवा हमारा मिशन और समर्पण हमारी ताकत है। इस अवसर पर संघ की उपाध्यक्ष गंगोत्री भगत, प्रवक्ता गरिमा दुबे, कुंदन यादव, विनय साधू, विकास व्यास, विवेक कुमार, सुरेंद्र राजपूत, विक्रम सिंह, ओमप्रकाश राठौर, रूबीना बानो, निकिता शर्मा, बरखा राज, तंद्रिमा दास, प्रीति शुक्ला, चांदनी जयसिंघानी सहित जिले के सभी छात्रवास अधीक्षक उपस्थित रहे।

### नवागांव स्कूल परिसर में किया गया वृहद पौधरोपण

# नवागांव में वन महोत्सव, प्रणव ने ट्री वाहन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

वन महोत्सव के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवागांव में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और जनसामान्य को पौधरोपण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची रहे।

विधायक श्री मरपच्ची ने जिले के प्रत्येक क्षेत्र तक पौधे पहुंचाने के उद्देश्य से एटीएम ट्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित वातावरण तैयार करने का संकल्प लेने का



आग्रह किया और उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा की। वहीं जनपद सदस्य पूर्णिमा पैकरा ने विद्यालय में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। विधायक ने बादाम, जिला पंचायत अध्यक्ष ने आंवला, कलेक्टर विजय दयाराम ने आम तथा वनमण्डलाधिकारी ग्रीष्मी चांद ने कदम के पौधे का रोपण किया।

इसी तरह कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विभिन्न प्रजातियों ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपध किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर, पेंड्रा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राकेश जालान, भाजपा नेता नीरज जैन, राकेश चतुर्वेदी, बृज लाल राठौर, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, सरपंच नरेश पैकरा सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी तथा विद्यालय के शिक्षकगण, एनसीसी, स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रतिदिन हो रहा 67 लाख लीटर पानी रिचार्ज



**भर्रीडांड़।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी वीबी जी राम जी योजनांतर्गत संचालित मोर गांव, मोर पानी महाभियान, के तहत जिले में जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के लिए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत मरवाही की ग्राम पंचायत सेमरदर्री के भाटा-टिकरा, शीतल गडहा एवं पथरा कोड़ी क्षेत्र में 8300 स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण कराया गया है। इस संरचना के निर्माण से वर्षा जल का प्रभावी संचयन हो रहा है, जिससे प्रतिदिन लगभग 67 लाख 23 हजार लीटर पानी भू-जल में रिचार्ज हो रहा है। इससे वर्षा जल का अपव्यय रुकने के साथ-साथ जल स्तर में सुधार, मिट्टी एवं नमी संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। भविष्य में इसका लाभ क्षेत्र के किसानों, वन क्षेत्र तथा स्थानीय ग्रामीणों को मिलेगा। इस कार्य के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। निर्माण कार्य में प्रतिदिन लगभग 100 से 120 श्रमिकों को रोजगार मिला, जबकि अब तक कुल 8078 मानव दिवस का रोजगार सृजित किया जा चुका है।